आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 2 जून 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-065 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

दिग्विजय सिंह ने एग्जिट पोल पर उठाए सवाल

भोपाल,2 जून । लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल ने मध्य प्रदेश में भाजपा और एनडीए को भारी बहुमत मिलने का अनुमान जताया है। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस एग्जिट पोल पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए एक्स पर लिखा, राजगढ़ लोक सभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है -- राजगढ़, गुना और आगर मालवा। अगर किसी टीवी चैनल को यहां एग्जिट पोल करना था तो उसको इन तीनों जिलों में अपने लोग भेजने थे। क्या उन्होंने भेजे?

दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा है, राघौगढ़ से लेकर सुसनेर तक एक ही दिन में एक साथ वोट डालकर बाहर आ रहे लोगों से पूछना कि किसको वोट दिया और एग्जिट पोल तैयार करना संभव नहीं।

यूपी-बिहार समेत कई राज्यों को मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

नईदिल्ली,2 जून । देश के ज्यादातर हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है. दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्से में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है. वहीं राजस्थान में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है. इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के कुछ राज्यों में लू चलने की संभावना जताई है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में लू चलने की संभावना है. इसके बाद इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम हो जाएगी.दिल्ली-एनसीआर में इनदिनों गर्मी चरम पर है, लेकिन दो दिनों से मौसम में थोड़ा सा सुधार हुआ है और दिल्लीवालों को गर्मी से राहत मिली है. कल यानी शनिवार की शाम तीन बजे के आसपास दिल्ली और नोएडा में आई धूल भरी आंधी से मौसम में थोड़ा सा सुधार हुआ. इस दौरान दिल्ली के कुछ स्थानों पर हुई बारिश ने गर्मी से थोड़ी सी राहत जरूर दिलाई. मौसम विभाग का मानना है कि दिल्ली में अगले 2 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा.

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पूरी करेगी अपनी गारंटियां: सोनिया गांधी

हैदराबाद,2 जून । पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करेगी। सोनिया गांधी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी और उन्हें तेज विकास तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में 10वें तेलंगाना स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में उनका पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश चलाया गया।

राज्य सरकार ने समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण वह नहीं आ सकीं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता ने कांग्रेस को समृद्ध तथा विकसित तेलंगाना के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी है और लोगों के सभी सपनों का पूरा करना उनका कर्तव्य है।उन्होंने कहा, आज इस खास मौके पर, मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

सोनिया गांधी ने महान राज्य के गठन के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले तेलंगाना के अनगिनत शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, मैंने 2004 में करीमनगर में तेलंगाना के लोगों से वादा किया था कि कांग्रेस उनके सपनों को पूरा करेगी। मेरे बयान के बाद हमारी पार्टी में भी मतभेद उभरा था और कई लोग पार्टी छोड़कर चले गये।

अरुणाचल में भाजपा को प्रचंड बहुमत

सिक्किम में एसकेएम का विजय रथ जारी; बाइचुंग भूटिया हारे

ईटानगर,2 जून। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती जारी है। 60 विधानसभा सीटों वाले अरुणाचल प्रदेश में बीजेपी को रुझानों में बहुमत हासिल हो चुकी है। वहीं, 32 सीटों वाले सिक्किम विधानसभा में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) क्लीन स्वीप की तरफआगे बढ़ रहा है। दोनों ही राज्यों में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। सिक्किम में कुल 79.88 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि अरुणाचल प्रदेश में 82.95 प्रतिशत वोट डाले गए थे।

सिक्किम में सत्तारूढ़ प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व वाले सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) और पवन कुमार चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के बीच मुकाबला होने की संभावना है। भाजपा और कांग्रेस ने भी सिक्किम में अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। 146 उम्मीदवारों में प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, उनकी पत्नी कृष्णा कुमारी राय, पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग, पूर्व भारतीय फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया और भाजपा के नरेंद्र कुमार

सुब्बा शामिल हैं। 2019 में प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व वाली एसकेएम ने 17 सीटें जीतीं, जबकि एसडीएफने 15 सीटें हासिल कीं।

60 सीटों वाली अरुणाचल विधानसभा में मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा ने सभी 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, जबकि कांग्रेस ने केवल 19 सीटों पर चुनाव लड़ा। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने भी अरुणाचल प्रदेश में उम्मीदवार उतारे हैं।

सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश दोनों ही राज्यों में वर्तमान सरकारे प्रचंड बहुमत के साथ वापस आ रही हैं। जनता ने विपक्ष के मुद्दों को तरजीह ना देते हुए अपनी सरकार पर भरोसा कायम रखा है। अरूणाचल में भाजपा जहां 40 सीटें जीत कर प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रही है तो कुछ ऐसा ही हाल सिक्किम में एसकेएम का है जो क्लीनस्वीप करने में महज एक या दो सीट दूर रह गई।

भारत के सबसे लंबे समय तक सीएम रहने वाले चामलिंग हारे

भारत के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले पवन कुमार चामलिंग और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के प्रमुख को पोकलोक-कामरांग निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी सीट नामचेयबुंग पर शुरुआती रुझान में वह पीछे चल रहे हैं। उन्हें एसकेएम के भोज राज राय ने पोकलोक-कामरांग में 3,063 वोटों के अंतर से हराया, जबकि नामचेयबंग में वह 2,256 वोटों के अंतर से हार गए। एसडीएफप्रमुख पवन कुमार चामलिंग विधायक के रूप में रिकॉर्ड नौवीं बार चुनाव लड़ रहे थे। उन्होंने दो विधानसभा क्षेत्रों - पोकलोक-कामरांग और नामचेयबुंग से चुनाव लड़ा था।

मोदी-योगी कभी अपना घर भरने की कोशिश नहीं करते : निश्चलानंद

नई दिल्ली,2 जून। एग्जिट पोल के नतीजों के बीच पुरी पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने भी लोकसभा चुनाव के संभावित नतीजों को लेकर बड़ा दावा किया है। शंकराचार्य ने कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। मोदी एक बार फिर देश की कमान संभालेंगे।

निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ईमानदार हैं। यह दोनों राजनेता कभी अपना घर भरने की कोशिश नहीं करते। उनके मुताबिक इन दोनों राजनेताओं की सरकारों के तमाम मंत्री भी ईमानदार हैं और बेहतर तरीके से अपने काम और अपनी जिम्मेदारी को पूरा करते हैं। शंकराचार्य ने पीएम मोदी को सच्चा राष्ट्र भक्त बताते हुए कहा कि उनके राज में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। वहीं पीएम नरेन्द्र मोदी की 45 घंटे की तपस्या पर बोले शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि यह बड़ी बात है कि प्रधानमंत्री ने खुद को सेक्युलर नहीं बल्कि धार्मिक सिद्ध करने की कोशिश की है। उन्होंने जिस संकल्प के साथ तपस्या और साधना की है, जिस तरह से नियम का पालन किया है, उसके आधार पर कहा जा सकता है कि उन्हें संकल्प की प्राप्ति जरूर होगी। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में बालक राम की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आने और पीएम मोदी से नाराजगी पर शंकराचार्य निश्चलानंद ने कहा कि उनसे कोई नाराजगी नहीं है। हां ये है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शासकीय मर्यादा का पालन नहीं किया गया। ज्यादा श्रेय लेने की कोशिश में जल्दबाजी में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इसके कारण पीएम मोदी और उनकी पार्टी बीजेपी को अयोध्या में रामलाल के भव्य मंदिर निर्माण का कोई फायदा नहीं मिलेगा।

दहेज के लालच में नवविवाहिता की हत्या

पति ने गला घोंटकर उतारा मौत के घाट,गोल्ड मेडलिस्ट थी महिला

महासमुंद,2 जून। जिले के बसना थाना अंतर्गत ग्राम देवरी में बीते दिनों एक नवविवाहित महिला ग्रेजुएशन में गोल्ड मेडलिस्ट की संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मौत हो गई. इस मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. दहेज के लालच में नवविवाहिता की हत्या कर दी गई. आरोपी पति शादी के बाद से ही मृतिका उर्मिला से दहेज के लिए विवाद करता था. फिर एक दिन आरोपी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी. मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.मिली जानकारी के अनुसार, बीते महीने 30 मई की

रात देवरी गांव में नवविवाहित महिला उर्मिला साव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी. रात को मृतिका के ससुराल वालों ने परिजनों को सूचना दी की उर्मिला साव की मृत्यु हो गई है. मृतिका उर्मिला साव (उम्र 25 वर्ष) की शादी ग्राम देवरी में कपूरचंद साव से शादी 3 माह पूर्व ही हुई थी. मृतिका की जिस कमरे में मृत्यु हुई थी उसको घर वालों ने स्वयं ही सील कर दिया था. घटना की सूचना के बाद बसना पुलिस और तहसीलदार के मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर सील हुए कमरे को खोला गया. जहां महिला की लाश मृत अवस्था में बेड पर पड़ी मिली. जिसके बाद लाश को जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. वहीं मृतिका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया. मामले में पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी और पति को हिरासत में लिया. पत्नी की हत्या से सम्बंधित में कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने वारदात को अंजाम देना कबूल किया. मृतका उर्मिला की शादी तीन महीने पहले ही आरोपी पति कपूरचंद साव से हुई थी. शादी के बाद से ही आरोपी अपनी पत्नी से मोटरसाइकिल, कूलर-पंखा और नकदी समेत अन्य सामान को लेकर झगड़ा करता रहता था. फिर एक दिन झगड़े के दौरान आरोपी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी.

'यह एग्जिट नहीं,मोदी मीडिया पोल है' : राहुल

नई दिल्ली,2 जून। लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकांश एग्जिट पोलों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि, कांग्रेस इसको लगातार खारिज कर रही है। इन सब के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं है, यह मोदी मीडिया पोल है। यह उनका फैंटेसी पोल है। जब उनसे इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, क्या आपने चिल्ला मूस वाला का गाना 295 सुना है? 295। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमने अपने पीसीसी अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों, प्रभारियों और उम्मीदवारों से चर्चा की है, वे सभी बहुत आश्वस्त हैं। यह एग्जिट पोल सरकार के लिए एक फर्जी पोल है। इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलेंगी और निश्चित रूप से सरकार बनेगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा निवर्तमान प्रधानमंत्री, जिस व्यक्ति को 4 जून को निश्चित रूप से जाना होगा, उसने इन सभी चीजों की साजिश रची है और एग्जिट पोल को प्रबंधित किया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल और 4 जून के नतीजों में बहुत बड़ा अंतर होगा। इंडिया गठबंधन की कल एक बैठक हुई थी, हमने संख्याओं पर विस्तार से चर्चा की, यह असंभव है कि इंडिया गठबंधन को 295 से नीचे कुछ भी मिलेगा। लगभग सभी एग्जिट पोल में एनडीए को भारी जनादेश मिलने की भविष्यवाणी की गई है, जिसमें बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करेगी। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने एनडीए के लिए 361-401 सीटों का अनुमान लगाया है, जिसमें बीजेपी ने बंगाल, तेलंगाना और ओडिशा में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये एग्जिट पोल सिर्फ माहौल बनाने के लिए हैं कि इंडिया गठबंधन हार गया है, यह एक मनोवैज्ञानिक खेल है। हम इसका विरोध करेंगे... हम जानते हैं कि हम 4 जून को निवर्तमान प्रधानमंत्री को अलविदा कहेंगे।

कांग्रेस ने मतगणना एजेंटों को लेकर नए नियम पर उठाए सवाल

नई दिल्ली,2 जून। कांग्रेस नेता अजय माकन ने मतगणना प्रक्रिया के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) टेबल पर उम्मीदवारों के गिनती एजेंटों को अनुमति नहीं देने के नए नियम पर सवाल उठाया है। माकन ने कहा कि एआरओ टेबल पर उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंटों को पहली बार अनुमति नहीं दी जा रही है। मैं पहले भी 9 लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुका हूं- और ये पहली बार हो रहा है। अगर यह सच है तो यह कथित ईवीएम धांधली से भी बड़ा मामला है! मैं इस मुद्दे को सभी उम्मीदवारों के लिए चिह्नित कर रहा हूं! मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग इसे जल्द ही सुधार लेगा। माकन की टिप्पणी शनिवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद आई, जिससे सात चरणों के कठिन चुनाव का पटाक्षेप हो गया। चुनाव आयोग ने कहा कि सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सातवें चरण के मतदान में नवीनतम रुझानों के अनुसार लगभग 62.36 प्रतिशत मतदान हुआ। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने माकन की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''यह स्पष्ट किया जाता है कि आरओ/एआरओ की टेबल पर उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंटों को अनुमति है।'' सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 543 सीटों पर मतदान 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7, 13, 20, 25 मई और 1 जून को हुआ। सातवें चरण के मतदान के बाद हुए कई एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की भारी जीत की भविष्यवाणी की गई है। दो एग्जिट पोल में भविष्यवाणी की गई है कि भाजपा 2019 के लोकसभा चुनावों में जीती गई 303 सीटों से अपनी संख्या में सुधार कर रही है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है, जबकि विपक्षी भारतीय गुट का लक्ष्य रथ को रोककर सत्ता हासिल करना है।

2 मालगाड़ियों की टक्कर के बाद एक दूसरे पर चढ़ीं बोगियां

चंडीगढ़,2 जून। पंजाब में भीषण रेल हादसा हुआ है। टक्कर के बाद एक दूसरे पर बोगियां चढ़ गईं। हादसे में 2 मालगाड़ी ट्रेनों ड्राइवर घायल हो गए, जिन्हें श्री फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे से रेलवे लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद अंबाला से लुधियाना अप लाइन ठप हो गई है। घटनास्थल पर रेलवे अधिकारी व बचाव दल की टीम पहुंच गई है। पंजाब में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास सुबह-सुबह रेलवे की दो मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। इस हादसे में दोनों मालगाड़ियों के लोको पायलट घायल हो गए। हादसा मालगाड़ियों के लिए बने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ट्रैक के न्यू सरहिंद स्टेशन के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां कोयले से लोडेड 2 मालगाड़ियां खड़ी थीं। इन्हें पंजाब में रोपड़ की ओर जाना था। एक मालगाड़ी का इंजन खुलकर दूसरी से टकराया। इसके बाद इंजन पलटकर अंबाला से जम्मू तवी की तरफ जा रही पैसेंजर गाड़ी समर स्पेशल (04681) में फंस गया।

भारतीय रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह सरहिंद रेलवे स्टेशन पर एक खड़ी मालगाड़ी को दूसरी मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो लोको पायलट घायल हो गए। उन्होंने कहा कि टक्कर के कारण उनमें से एक का इंजन दूसरे ट्रैक पर पलट गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया। कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए। फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल के एक डॉक्टर ने कहा कि विकास कुमार के सिर पर और हिमांशु कुमार की पीठ पर चोटें आई है। दोनों उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले हैं। डॉक्टर ने बताया कि उन्हें पटियाला के राजिंदरा अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद पैसेंजर ट्रेन को दूसरा इंजन लगाकर राजपुरा भेज दिया गया है। साथ ही ट्रैक सुधारने का काम शुरू कर दिया गया है। किया गया है। हादसे के बाद रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने इंजन से शीशे को तोड़कर अंदर फंसे लोको पायलट निकाले। हादसे की जांच के आदेश दिए गए हैं।

ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, 2 युवकों की मौत

कवर्धा,2 जून। जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया है. हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. यह मामला पिपरिया थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, बाइक सवार दो युवक बीती रात अपने घर दशरंगपुर जा रहे थे. तभी पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इंदौरी के पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को चपेट में ले लिया. भीषण हादसे में दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं जब ग्रामीणों ने युवकों को सड़क किनारे मृत हालत में देखा तो इसकी सूचना पिपरिया थाना पुलिस को दी. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. दोनों मृतक युवकों के नाम गजानंद साहू पिता जगनू साहू (उम्र 22 वर्ष) और विनय कुमार साहू पिता संतोष (साहू उम्र 24 वर्ष) है. दोनों ही दसरंगपुर गांव के रहने वाले थे. फिलहाल पिपरिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

एग्जिट पोल से विकास उपाध्याय सहमत नहीं

रायपुर,2 जून। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा कि एग्जिट पोल एक तरीके का भ्रामक प्रचार है. हम एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं करते. परिणाम को लेकर किसी भी एग्जिट पोल पर बात करना सही नहीं है. सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए जिला कांग्रेस भवन में आयोजित कांग्रेस के प्रशिक्षण में शामिल होने पहुंचे रायपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय से मीडिया ने चर्चा की. एक्जिट पोल को लेकर उन्होंने कहा कि 10 साल से भाजपा सत्ता में है, लोगों का विश्वास उठ गया है. राहुल गांधी पदयात्रा के माध्यम से लोगों तक पहुंचे. कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने मेहनत के साथ काम किया है. महंगाई-बेरोजगारी के साथ अन्य मुद्दों को लेकर जनता परेशान है. उन्होंने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी बीजेपी से ज्यादा सीट लाने का दावा करते हुए कहा कि चुनाव से पहले 5 गारंटी को लेकर हम जनता के बीच हैं. कांग्रेस पार्टी ने समस्याओं की लड़ाई लड़ी है. संघर्ष का परिणाम जरूर मिलेगा. एग्जिट पोल पर हम विश्वास नहीं करते हैं. सांच को आंच क्या. भाजपा अपने प्रोपेगेंडा पर सफल नहीं होगी. कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मजबूती से कार्य किया है. निश्चित रूप से चुनाव परिणाम मेहनत के मुताबिक आएंगे. वहीं मतगणना को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरीके से तैयार है.

पैरिस से आने वाले विस्तारा के विमान को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई,2 जून। पैरिस से मुंबई आने वाले विस्तारा एयरलाइन के विमानो को बम से उड़ाने की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमर्जेंसी घोषित कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक विमान के एयरसिकनेस बैग में एक नोट पाया गया था जिसपर बम धमाके की धमकी दी गई थी। यह विमान पैरिस के चार्ल्स डि गॉल एयरपोर्ट से रवाना हुआ था। विस्तारा एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया, सुरक्षा को लेकर एक मामला सामने आया है। विस्तारा फ्लाइट यूके024 के स्टाफ ने इसकी जानकारी दी है। यह विमान पैरिस से 2 जून को मुंबई पहुंचने वाला है। उन्होंने कहा, प्रोटोकॉल के तहत संबंधित अथॉरिटी को इसकी जानकारी दे दी गई है। विमान छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड कर चुका है। हम सुरक्षा एजेंसियों का सहयोग कर रहे हैं। बता दें कि एक दिन पहले ही विस्तारा विमान को उड़ाने की धमकी दी गई थी। वहीं वाराणसी से नई दिल्ली आने वाले इंडिगो को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक एक महिला ने फोन करके कहा था कि उसके पति इंडिगो की फ्लाइट में सफर कर रहे हैं और उनके पास बम है। इसके बाद विमल कुमार नाम के यात्री से पूछताछ की गई। वह मेरठ के रहने वाले थे। कुमार ने कहा उनकी पत्नी मानसिक रूप से बीमार है। बम की धमकी वाली खबर देखने के बाद उसने फोन कर दिया था। पुलिस का कहा है कि उसके दावे की जांच की जा रही है। वहीं शनिवार को ही चेन्नई से मुंबई जाने वाले एक विमान के टॉइलट में बम की धमकी वाला नोट मिला था। इसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर आपातकाल घोषित कर दिया गया था। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकालकर पहले आइसोलेशन बे में भेजा गया। इसके बाद पूरे विमान की ठीक से जांच की गई। इन दिनों कई बार विमानों को उड़ाने की धमकियां दी गई हैं।

दुनिया में 11वें स्थान पर अडानी

नई दिल्ली,2 जून। ब्लूमबर्ग बिलेनियर प्रॉपर्टीज में अडानी ग्रुप की संपत्तियां गौतम अडानी एक बार फिर भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी के पोर्टफोलियो को पीछे छोड़ दिया है। अडानी ग्रुप के सर्वे में गलती की वजह से वे 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, अंबानी एक हफ्ते में 12वें नंबर पर आ गए हैं। गौतम अडानी की नेटवर्थ इस साल 26.8 अरब डॉलर (करीब 2.23 लाख करोड़ रुपये) बढ़कर 111 अरब डॉलर (करीब 9.26 लाख करोड़ रुपये) हो गई है। वहीं, मुकेश अंबानी की नेटवर्थ इस साल 12.7 अरब डॉलर (करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये) बढ़कर 109 अरब डॉलर (करीब 9.09 लाख करोड़ रुपये) हो गई है। फ्रांसिस बिलियनेयर और लुइस विटो मोएट हेनेसी (एलवीएमएच) के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट 16.93 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर निवेशक हैं। उनके बाद इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 16.93 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। वहीं, एम्स के संस्थापक जेफ बेजोस 16.60 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर और मेटा के संस्थापक चौथे नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ 13.85 लाख करोड़ रुपये है। 31 मई को अडानी ग्रुप के सभी 10 फीसदी सैंपल की तेजी से जांच की गई। अडानी टोटल गैस के भंडार में सबसे ज्यादा 9.40 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। शनिवार की छुट्टी के कारण आज शेयर बाजार बंद है। अडानी के पास देश का सबसे बड़ा निजी बंदरगाह है अहमदाबाद स्थित अडानी समूह, जिसका नेतृत्व गौतम अडानी करते हैं, मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काम करता है। यह देश के सबसे बड़े निजी बंदरगाह का मालिक है और वैश्विक कोयला व्यापार में इसकी प्रमुख भूमिका है। गौतम अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज है।

एक नजर

एक महिला गांजा बेचते गिरफ्तार

भिलाई 2 जून। मोहन नगर थाना क्षेत्र ग्रीन चौक पेट्रोल पंप के पीछे दुर्ग में रहने वाली एक महिला को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया आरोपित महिला का पति दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद है पति के जेल के जाने के बाद उसके पास आय का कोई साधन नहीं था, इसलिए वह गांजा कोचिया बन गई मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि ग्रीन चौक पेट्रोल पंप के पीछे निवासी रीतू तिवारी (30) को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोपित महिला से करीब एक किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया गया है आरोपित अपने घर के कूलर पर एक थैले में गांजा रखती थी और ग्राहक के आने पर उसकी पुड़िया बनाकर बेचती थी पुलिस की टीम उसके घर पर पहुंची तो वह गांजा को छिपाने लगी पूछताछ में आरोपित रीतू तिवारी ने पुलिस को बताया कि उसका पति योगेश तिवारी दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद है। घर चलाने के लिए उसके पास आय का कोई साधन नहीं था।

बीकॉम की छात्रा को किया ब्लैकमेल

भिलाई 2 जून। भिलाई-3 थाना क्षेत्र बीकॉम की छात्रा को ब्लैकमेल कर करीब 25 हजार रुपए की रकम ऐंठ चुका था आरोपी से छात्रा ने और पैसे की मांग की तो छात्रा ने देने से इंकार कर दिया इस पएआरोपी ने उसके घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 323, 384, 452, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी राजा सिंघौर से उसकी जान पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी इसके बाद राजा आए दिन उसके कॉलेज के पास मिलता रहता था। पिछले दिनों उसे कार में बिठाकर कुम्हारी ले गया, जहां पर उसकी पीठ में अपने नाम का टैटू बनवाया लिया। इसके बाद उसी टैटू का हवाला देकर उसे बदनाम करने की धमकी देकर पैसे की मांग शुरू कर दी। उसने घबराकर फोन पे से राजा सिंघौर को 23 हजार रुपए दिया। इसके बाद वह और पैसे की मांग करने लगा। इस पर उसने मां के खाते से 2 हजार रुपए निकालकर दे दिया। इस बीच जब उसने पैसा देने से इंकार कर दिया तो पिछले सुबह करीब 10 बजे अपने साथियों को लेकर उसके घर में घुस गया विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की घर में मौजूद भाई बीच-बचाव करने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। इसके अलावा वा परे पूरे परिवार परिवार को को जान जान से से मारने मारने की धमकी देकर चला गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में आरोपी राजा समेत उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज की है।

मारपीट करने वाले गिरफ्तार

भिलाई 2 जून। किशोर को कमरे में बंद कर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पकड़ लिया है दोनों आरोपियों का मार्केट में पैदल जुलूस निकाला गया भिलाई-3 टीआई पीडी. चंद्रा ने बताया कि उमदा भाठापारा निवासी युवराज ठाकुर (20 वर्ष) से मारपीट की घटना 23 मार्च हो हुई थी। उस दौरान आरोपी शुभम नंदी उर्फ बंगाली दादा, आयुष तिवारी और लावेश ठाकुर उर्फ लक्की से अपनी उधारी के पैसे मांगने गया था। लेकिन तीनों आरोपियों ने युवराज पर उनकी मुखबिरी करने का आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दी। इसके अलावा उससे 10 हजार रुपए की भी डिमांड करने लगा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसका वीडियो भी बनाया था। पिछले दिनों मारपीट का वायरल हुआ था। इस बीच प्रार्थी ने भी हिम्मत दिखाकर मामले में शिकायत दर्ज करा दी। इस पर तीनों के खिलाफ धारा 25, 27, 323, 342, 384, 506 (बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को आरोपी शुभम नंदी और लावेश ठाकुर को पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी खुर्सीपार, भिलाई-3, सुपेला और नेवई में चोरी समेत अन्य प्रकरण दर्ज है।

शादी का दबाव बनाने वाले गिरफ्तार

भिलाई 2 जून। वैशाली नगर थाना क्षेत्र एक युवती के घर पहुंचकर लोहे का चापड़ दिखाकर शादी के लिए दबाव बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वैशाली नगर ने बताया कि आरोपी शुभदीप सिंह प्रार्थिया के घर आकर उसे लोहे का चापड़ दिखाकर शादी करने वरना जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलौच कर भाग गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 294, 506, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज की। मामले को गंभीरता से देखते हुए आरोपी शुभदीप को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का चापड़ बरामद कर लिया है।

ईटीपीबीएस के माध्यम से अब तक 938 डाक मतपत्र प्राप्त हुए

दुर्ग, 2 जून। लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के अंतर्गत सैन्य एवं केन्द्रीय सशस्त्र सेवाओं में तैनात सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मुख्य जिला दुर्ग को 31 मई 2024 तक 933 डाक मतपत्र प्राप्त हुये थे। 01 जून 2024 को 05 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है, 01 जून की स्थिति में कुल 938 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। अब केवल सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मतगणना तिथि 04 जून 2024 को सुबह 7.59 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

निधन

भगवती प्रसाद वर्मा

भिलाई, 2 जून । भिलाई-3 दक्षिण वसुंधरा नगर (ग्राम बटंग वाले) भगवती प्रसाद वर्मा उम्र 77 वर्ष का दुखद निधन सेक्टर-9 हॉस्पिटल में शनिवार 1 जून को शाम 4 बजे हो गया। अंतिम संस्कार 2 जून रविवार को सुबह 10 बजे भिलाई 3 नूतन चौक मुक्तिधाम में किया गया। वे दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के जीजा एवं निखिल कुमार वर्मा के पिता

डेंगू की रोकथाम के लिए अधिकारियों का संयुक्त निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 2 जून । भिलाई टाउनशिप का पर्यावरण बारिश के मौसम में डेंगू मच्छरों के अनुकूल होने से डेंगू फैलने की आशंका हमेशा रहती है। इस संभावना के मद्देनजर आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपायों हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में डेंगू से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लेने हेतु आयुक्त (नगर निगम भिलाई) देवेश कुमार ध्रुव ने, भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों के साथ टाउनशिप का सघन दौरा किया। साथ ही, उपलब्ध संसाधनों जैसे मशीन, कीटनाशक एवं मैन पावर का अवलोकन करते हुए, कमियों को एक सप्ताह में दूर करने के लिए कार्य योजना सुनिश्चित की गयी। दौरे के अंतर्गत, सर्वप्रथम, सेक्टर 8 के पीएचडी विभाग में देवेश कुमार ध्रुव द्वारा बैठक ली गई, जहाँ उपलब्ध आवश्यक कीटनाशकों, प्रचार सामग्री एवं सम्बन्धित मशीनों की स्थिति का जायजा लिया गया। घर-घर सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत आवासों के टबों, गमलों, खाली रखे पात्रों में पड़े पानी एवं गड्ढों में रुके पानी को सप्ताह भर के अंदर खाली करने सम्बंधी जन-जागरूकता एवं लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की गयी। तत्पश्चात, सेक्टर 06 से होकर गुजरने वाले बड़े नाले का अवलोकन कर जलकुम्भी एवं बहाव के अवरोध की दशा देखते हुए, बारिश में विपरीत स्थिति और डेंगू की चुनौतियों से निपटने के लिए शीघ्र सफाई करने पर विचार किया गया। जिसके लिए जन स्वास्थय अभियांत्रिकी एवं सिविल अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ योजना पर चर्चा की गई। डेंगू के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सेक्टर-02 क्षेत्र के बैक

लेन की दशा का अवलोकन किया गया। बारिश के पूर्व पानी जमाव को रोकने के लिए इन क्षेत्रों की शीघ्र सफाई की व्यवस्था की कार्य योजना बनायी गयी। नगरीय अपशिष्ट के उचित निष्पादन हेतु जवाहर उद्यान के बगल में लैंडफिल का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात, एसएलआरएम सेंटर नेवई पहुँच कर वहां चल रहे कम्पोस्टिंग एवं प्लास्टिक प्रोसेसिंग कार्यों का जायजा लिया गया। भिलाई वासियों को डेंगू से सुरक्षित रखने संयुक्त अभियान चलाये जाने एवं कार्य की प्रगति सहित कार्यान्वयन की उत्कृष्टता बनाए रखने योजना पर चर्चा की गयी। बीएसपी का जन स्वास्थय विभाग, आम जनों से वेक्टर जनित बीमारियों से बचने व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपायों जैसे प्रति सप्ताह पानी की टंकियों को खाली करना, खाली बर्तन, पुराने टायरों तथा कबाड आदि में पानी का जमाव न होने देने की अपील करता है। उक्त दौरे में आयुक्त (नगर पालिक निगम) देवेश कुमार ध्रुव के साथ महाप्रबंधक के के यादव, उप महाप्रबंधक डी सी सिंह, सहायक महाप्रबंधक सरोज कुमार झा, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक ए के बंजारा, वरिष्ठ प्रबंधक मुकुंद दास मानिकपुरी, कनिष्ठ अधिकारी के अलावा धर्मेन्द्र मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी (नगर निगम) अजय शुक्ला, जन संपर्क अधिकारी (नगर निगम) तुषार, जिला स्वास्थ्य विभाग से सैमुअल, जोन पांच नगर पालिक निगम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

लू से बचाव के संबंध में आवश्यक सलाह

राजनांदगांव 2 जून। गर्मी के मौसम को देखते हुए लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शन दिया गया है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथेलेमस भाग से होता है। जब वातावरण 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से अधिक हो जाता है, तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि लू लगने पर शरीर में लक्षण दिखाई देने लगते है। जिसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना शामिल है। लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते है। बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाए।

मनुष्य का जीवन बिना संत के अधूरा: सुकृत दास शास्त्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 2 जून। ग्राम सेलूद के कबीर आश्रम में दो दिवसीय कबीर प्राकट्य उत्सव का 625वां वर्ष का आयोजन किया गया है जिसमे प्रथम दिवस में क्षेत्र के कबीर पंथ से जुड़े साधु संतों का आगमन हुआ द्य बड़े बड़े संतो के द्वारा प्रवचन दिया गया द्य साथ ही साथ भोजन भंडारा भी किया जा रहा है द्य सेलूद कबीर आश्रम के संचालक साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत दास शास्त्री ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य का जीवन जब तक पूरा नही माना जाता जब तक उसके जीवन मार्ग में साधु संतों का आशीर्वाद न हो द्य जीव आत्मा इस धरती पर जन्म लेता है द्य किन्तु उसको सही मार्ग पर चलने के लिए संतो का आशीर्वचन जब तक प्राप्त नही होगा तब तक जीवन को मोक्ष नही मिलता द्य बिना गुरुबके ज्ञान अधूरा माना जाता है इसलिए हर मनुष्य के जीवन मे गुरु बनाना अनिवार्य होता है द्य प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन में दूर दूर

से भक्तजन उपस्थित होते है द्य उक्त कार्यक्रम में श्रीराम साहेब असणारा, अध्यक्ष भूपत साहेब, छोटे महंत परमेश्वर साहेब, हितु साहेब, कोठारी साहेब, अंतराम साहेब, प्रितपाल बेलचंदन, श्रीमति खेमिन साहू सरपंच ग्राम सेलूद, खेमलाल साहू पूर्व सरपंच, पंचराम साहू, शंकर यादव, कौशल बनपेला, मुकतुराम साहू, हर प्रसाद आड्लि, प्यारेलाल साहू सहित सैकड़ों श्रोतासमाज कबीर पंथी उपस्थित रहे।

विवाद के चलते लगाई आग, 75 फीसदी झुलसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 2 जून। जामुल थाना क्षेत्र ससुर ने अपनी बहू से विवाद के चलते अपने शरीर पर डीजल डाला और आग लगा ली। जब तक परिवार वाले आग बुझाते तब तक वह लगभग 75 फीसदी झुलस गया। उसे सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जामुल के विश्वकर्मा चौक निवासी नरेंद्र पाण्डेय (65 वर्ष) ने आज सुबह खुद पर डीजल डालकर आग लगा लिया। घटना के बाद नरेन्द्र पाण्डेय की बहू माधुरी पाण्डेय ने आसपास के लोगों को बुलाया आग बुझाने के बाद उन्हें लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर पहुंचे। लगभग 75 फीसदी झुलसने के कारण काफी गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना को लेकर नरेंद्र पाण्डेय की बहू माधुरी पाण्डेय ने बताया कि बीते कुछ दिनों से उसकी सास ससुर से अनबन चल रही थी। माधुरी पाण्डेय ने बताया कि उनके पति का निधन हो गया था। इसके बाद उसने अपने देवर से शादी कर ली। इसी बात को लेकर ससुर से रोज झगड़ा होते रहता था। माधुरी ने बताया कि इस मामले को लेकर उसने पुलिस से सहायता भी ली थी। एक महीने के वार्निंग के बाद अलग-अलग रहने की बात हुई। पिछले 6 से 7 दिनों से माधुरी के सास-ससुर घर से बाहर थे। माधुरी ने बताया कि शनिवार की सुबह 9 बजे अचानक उसके ससुर नरेंद्र पाण्डेय घर पहुंचे और फ्रिज खोलकर देखने लगे। फ्रिज में मौजूद सामान देखने के बाद इधर उधर घूमने लगे। कुछ देर में माधुरी पाण्डेय घर में झाड़ू लगाने अंदर चली गई। इधर अचानक उसके ससुर नरेंद्र पाण्डेय ने खुद पर डीजल डाला आग लगा ली। यह देख बहू की चीख निकल गई। आग बुझाया और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ देर पर 108 एंबुलेंस पहुंचा और झुलसे नरेंद्र पाण्डेय को सुपेला शास्त्री अस्पताल लाया गया और वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया फिलहाल नरेंद्र पाण्डेय की हालत गंभीर बनी हुई है।

एंबुलेंस में लगी आग, मचा अफरा तफरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 2 जून। दुर्ग जिला अस्पताल कैंपस में खड़ी एक एंबुलेंस में देर रात अचानक आग लग गई गाड़ी से आग की लपटें निकलते देख वहां अफरा तफरी मच गई और आनन फानन लोगों ने डायल 112 को सूचना दी इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया जब तक आग बुझी गाड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी, आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हुई है पुलिस ने बताया कि शनिवार-रविवार देर रात करीबन साढ़े 3 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि जिला अस्पताल दुर्ग परिसर में खड़ी एक गाड़ी में आग लग गई है। तुरंत एक दमकल और टीम को रवाना किया गया। दमकल की टीम पौने 4 बजे वहां पहुंच गई। टीम ने जाकर देखा कि जिला अस्पताल की एक एंबुलेंस (मारुति वैन) आग से घिरी हुई है। वैन में आग इतनी बढ़ गई थी कि वो पूरी गाड़ी में फैल गई और गाड़ी आग का गोला बन गई थी। फायर ब्रिगेड टीम ने तुरंत लोगों को वहां से दूर कर पानी से आग को बुझाने का काम शुरु किया। टीम ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एक दमकल गाड़ी पानी की सहायता से आग पर काबू पाया और सुबह साढ़े 4 बजे तक पूरी तरह से जलकर खाक हो चली आई आपको बता दें कि अचानक इतनी रात में बंद एंबुलेंस गाड़ी में आग कैसे लगी, इसकी वजह स्पष्ट नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि यह किसी शरारती तत्व का काम है सूचना पाकर दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य लोगों से पूछताछ कर वजह का पता लगाने में जुटी हुई है।

चार दिवसीय एफएलएन डीआरजी प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अछोटी में दिया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई 2 जून। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग में जिला स्रोत समूह के सदस्यों का चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण की शुरुआत एस.सी.ई.आर.टी रायपुर स्नरह्र प्रकोष्ट प्रभारी श्री सुनील मिश्रा एवं स्रूस्र के जून्य अकादमिक समन्वयक महेश शर्मा, गजेन्द्र रावत एवं डाइट सहायक प्राध्यापक शिशिरकना भट्टाचार्य एवं राज्य स्रोत समूह के सदस्य सुशील सूर्यवंशी, मुकेश साहू, अनकेश्वर महिपाल, संध्या पाठक एवं अर्शिया इकबाल एवं स्रूस की जिला टीम से जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रामरतन मीणा एवं तीनो विकासखंड के ब्लॉक अकादमिक समन्वयक एवं जिला स्रोत समूह के 19 सदस्यों के द्वारा भागीदारी की गई। 4 दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य स्रोत व्यक्ति श्री सुशील सूर्यवंशी के द्वारा भाषा शिक्षा के बारे में ह्वश्चश्च2020 पर आधारित, ह्वष्ठश्वद्बस्रूस्र2022 के दृष्टिकोण के पीछे के मुख्य सिद्धांत पर चर्चा करते हुए भाषा शिक्षण की

संतुलित पद्धति एवं चार खंडीय रुपरेखा के अंतगत मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग पठन और लेखन एवं संतुलित पद्धति, कक्षावार शिक्षण रणनीतियों के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि शब्द पहचान और भाषाई समझ होना आवश्यक है। इसके बाद में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रामरतन मीणा के द्वारा भाषा की अभ्यास पुस्तिका, पाठ्यपुस्तक एवं शिक्षक संदर्शिका के उपयोग करने की रणनीतियाँ एवं आपसी अंतर्सबंध को समझना पर चर्चा करते हुए बताया गया कि शिक्षक संदर्शिका में दिए गए लक्षित दक्षताएं पाठ्यपुस्तक से एवं मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन, लेखन पर विस्तार से चर्चा की गई। सन्दर्भ व्यक्ति अनकेश्वर महिपाल ने प्रतिभागियों के साथ में पठन और लेखन में चर्चा करते हुए बताया कि लिखित सामग्री को पढ़कर के अर्थ ग्रहण करना ही पढ़ना है, उन्होंने लेखन के बुनियादी लेखन और उच्च स्तरीय लेखन पर विस्तार से चर्चा की। अर्शिया इकबाल के द्वारा मौखिक भाषा विकास की गतिविधियों पर चित्र चार्ट के द्वारा बच्चों के साथ में की जाने वाली मौखिक भाषा विकास बातचीत का डेमो करते हुए मौखिक भाषा के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। संध्या पाठक के द्वारा गणित शिक्षण की एप्रोच पर चर्चा करते हुए अमूर्त अवधारणाओ को टास से मूर्त अनुभव देना बच्चों के दैनिक जीवन के अनुभवों से जोड़ना और उनकी भाषा में बोलते हुए चित्रों के साथ कार्य करते हुए प्रतीकों तक लेकर के जाना हैं। मुकेश कुमार साहू के द्वारा मौखिक गणित बातचीत के बारे में प्रतिभागियों के साथ में विस्तार से चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में नवाजतन, जादुई पिटारा, पुस्तकालय आदि विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। चार दिवसीय जिला स्रोत समूह में धमधा, पाटन एवं दुर्ग विकास खंड के संकुल अकादमिक समन्वयक एवं शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण में सहभागिता की गई। डाइट से स्नरह्र प्रभारी हेमंत कुमार साहू जी के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

समाचार संक्षेप

बृजेश को उनकी चित्रकला के लिए रेनब्रान्ट अवार्ड से किया गया सम्मानित

भिलाई, 2 जून । छत्तीसगढ़ में कला के प्रमुख हस्ताक्षरों में से एक बृजेश तिवारी ने अपनी कला शैली से अपने राज्य का नाम फिर से रौशन किया है। बृजेश को उनकी चित्रकला के लिए 27वें अंतरराष्ट्रीय कला प्रतियोगिता के लिए (रेनब्रान्ट अवार्ड) से सम्मानित किया गया है। वे विश्व में दूसरे स्थान पर आये। रेनब्रान्ट 5 वीं शताब्दी में इटली के प्रमुख चित्रकार थे। यह प्रतियोगिता कला कुटुम्ब फाउंडेशन अजमेर (राजस्थान) द्वारा आयोजित थी। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के 938 प्रतिभागियों ने अपनी कलाकृतियां, ऑनलाइन भेजी थी। बृजेश को कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं से अनेक सम्मान एवं पुरस्कार मिल चुके हैं। बृजेश वर्तमान में डी.पी.एस. दुर्ग में फाइन आर्ट्स शिक्षक हैं और छुट्टियों में वे सुदूर ग्रामीण इलाकों में निशुल्क कला का प्रशिक्षण देने जाते हैं। छत्तीसगढ़ कला बिरादरी ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

मिशन लक्ष्मी के तहत 58 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

भिलाई, 2 जून । मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत 1 जून को भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में महिलाओं से सम्बन्धित पूर्ण शैक्षिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर थे। यह आयोजन सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें कुल 58 महिला सफाईकर्मियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित महिला श्रमिकों के एनीमिया व कैंसर से संबंधित शंकाओं का समाधान कर, उन्हें आहार विशेषज्ञों द्वारा संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ ठाकुर द्वारा मिशन लक्ष्मी के प्रचार-प्रसार हेतु एक सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन किया गया। परीक्षण शिविर में महाप्रबंधक शिवराजन, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन एस ठाकुर, डॉ. निशि मिंज, डॉ दीपक, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, श्रीमती शशि सिंह सहित भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय की पूरी टीम उपस्थित थी। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने अपने उद्बोधन में मिशन लक्ष्मी के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला व कहा कि महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है, जिससे घर, परिवार एवं कामकाज में व्यवस्तता के कारण वह स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। मिशन लक्ष्मी महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य की देखभाल पर केन्द्रित है। यदि महिलाएं स्वस्थ होंगी तो परिवार खुशहाल होगा। इस शिविर में स्त्री रोग विभाग के चिकित्सक, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रोशन हुसैन एवं डॉ प्रभदीप कौर द्वारा स्तन कैंसर व प्रजनन अंगों के कैंसर के लक्षण, परीक्षण व सजगता के विषय में जानकारी दी गई। वहीं श्रीमती पारोमिता दासगुप्ता ने संतुलित आहार एवं खान-पान संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्रीमती लता मिश्रा द्वारा एक रोचक क्विज का आयोजन भी किया गया था जिसमें 10 विजेता महिलाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शुभस्मिता द्वारा किया गया। विदित हो कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में, 08 अप्रैल को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण कर मिशन लक्ष्मी का शुभारंभ किया गया था।

वारंटी को गिरफ्तार कर के विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट रायपुर के समक्ष पेश किया

भिलाई, 2 जून । रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग ने शनिवार 1 जून को अपराध क्रमांक 26/2017 धारा 3(ए)आरपी(यूपी) एक्ट के आरोपी गोपाल यादव पिता नानू यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट रायपुर द्वारा दिनांक 13/05/2024 को वारंट जारी किया गया था। पतासाजी के दौरान पोस्ट प्रभारी दुर्ग एस के सिन्हा के दिशा निर्देशन में स उप निरीक्षक एस बी द्विवेदी तथा स्टाफ के द्वारा मुखबिर की सूचना पर वारंटी के घर संगम चौक मरौदा से वारंटी को गिरफ्तार कर के विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट रायपुर के समक्ष पेश किया गया तथा आदेशानुसार उसे जेल दाखिल किया गया।

एक नजर

बिजली की दर में बढ़ोतरी जनता के पर अत्याचार:कांग्रेस

रायपुर 2 जून। बिजली के दामों में बढ़ोतरी जनता के ऊपर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दामों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दिया है, यह अनुचित है। भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आम आदमी परेशान हो गया है। साय सरकार नागरिकों को हर तरफ से परेशान करने की नीयत से काम कर रही है। सरकार ने रजिस्ट्री छूट को समाप्त किया, ईवे बिल को समाप्त किया, अब बिजली बिल के दाम में बढ़ोतरी कर दिया गया। बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ-साथ उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। उद्योगों को महंगी बिजली मिलेगी तो उनके उत्पादों का महंगा होना स्वाभाविक है। ऐसे में आम आदमी पर दोहरी मार पड़ेगी। भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की सहूलियतों से कुछ लेना देना नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है। घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी।

महात्मा गांधी के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राय शर्मनाक:दीपक बैज

रायपुर 2 जून। निवृतमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में यह कहना कि गांधी फिल्म के बाद दुनिया ने गांधी जी को जाना बेहद आपत्तिजनक है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी की यह टिप्पणी भारत के प्रधानमंत्री की जगहंसाई करने वाला है। नरेंद्र मोदी का गांधी के बारे में ज्ञान दुनिया के सामने भारत को शर्मसार करने वाला है। कैसे भारत का प्रधानमंत्री देश की आजादी के महानायक के बारे में ऐसी टिप्पणी कर सकता है। मोदी महात्मा गांधी के बारे में नहीं जानते तो यह उनका दुर्भाग्य है। महात्मा गांधी को सारी दुनिया जानती है। 80 से अधिक देशों में उनकी मूर्ति लगी है। दुनिया भर के 120 से अधिक देशों में विश्वविद्यालयों में गांधी के अहिंसा के दर्शन को पढ़ाया जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गांधी शांति प्रेम के पुजारी थे। नरेंद्र मोदी सिर्फ नफरत की बातें करते है। वे सही में गांधी को नहीं जानते है। गांधी जी के बारे में दुनिया को बताने के लिये किसी फिल्म की जरूरत नहीं थी। गांधी जी पर फिल्में बना कर किताबें लिखकर मीमांसा लिखकर कथाकार अमर हो गये। गांधी जी जब आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे तब मोदी के दल के पूर्वज आजादी की लड़ाई का विरोध कर रहे थे। वे गांधी के खिलाफ अंग्रेजी शासन के पक्षकार बन कर घूम रहे थे, ऐसी विचारधारा का व्यक्ति गांधी जी को कमतर आंकता है तो यह उसका नहीं उसके संस्कारों का दोष है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि महात्मा गांधी वो सूर्य है जिसने पूरे विश्व को अंधेरे से लड़ने की ताकत दी है। सत्य, अहिंसा के रूप में बापू ने दुनिया को ऐसा मार्ग दिखाया जो कमजोर से कमजोर व्यक्ति को भी अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस देता है। बापू को किसी संघ के शाखा शिक्षित के प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं।

स्कूल के पास तंबाकू उत्पाद बेचने पर 33 चालान काटे गए

महासमुन्द 2 जून। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति विश्व तंबाकू निषेध दिवस इस वर्ष भी मनाया गया। इस वर्ष का थीम ''तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चो को बचाना'' है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के निर्देशन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू का नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों एवं उन मितानिनों को जिन्होंने नशा उन्मूलन हेतु पहल किया उन्हें प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही श्याम बाला जी महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यशाला एवं चित्रकला प्रतियोगिया का आयोजन किया गया। जिसमे 70 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया व जिला तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में आए छात्रों को शील्ड बैग व प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान शपथ ग्रहण व एंटी टोबैको मॉनिटर बनाया गया एवं आई.ई.सी वितरित की गई। इस उपलक्ष्य में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल के द्वारा चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में औषधि निरीक्षक श्री अखिलेश पांडे एवं श्री अवधेश भारद्वाज द्वारा सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध, 06 अ नबालिको के तंबाकू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के तहत् कुल 33 चालान काटे गए।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने जन्मदिन पर डबरी तालाब की सफाई कर पेश की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग 2 जून। नगर पालिक निगम द्वारा कैच द रेनफ्राइट द बाइट अभियान चलाया।इस दौरान वार्ड क्रमांक 59 स्थित सतनामी पारा के निकट डबरी तालाब की सफाई के लिए विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब में उतरकर सफाई की शुरुआत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया. सफाई के बाद तालाब के चारों ओर पौधरोपण किया जाएगा. मौके पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,स्थानीय पार्षद शिवेंद्र परिहार,दीपक साहू,भोला महोविया,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद,करण करोसिया,कुणाल,राहुल,सफाई दरोगा प्रदीप सोनी के अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व नागरिको सहित टीम अमला मौजूद रहें।इस समय विधायक एवं महापौर ने वार्ड के लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील कटे हुए कहा कि अपने घर के साथ-साथ आसपास की भी नियमित रूप से सफाई करनी चाहिए। तालाबो एवम नालियों में कचरा न डालें। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने जन्मदिन की शुरुवात डबरी तालाब की सफाई से की,उन्होंने अपने जन्मदिन पर सुबह कातुलबोड़ पहुँचकर डबरी तालाब की सफाई कर श्रमदान कियाञ्आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जन सहभागिता विशेष कर नागरिको,समाज सेवी एवं युवाओं को जोड़कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है।कैच द रेनफ्राइट द बाइट के तहत नगर निगम ने अभियान चलाया। ये अभियान लगातार जारी रहेगा।इस दौरान विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब के आस- पास लगी हुई झाड़ियों की कटिंग आदि करने के निर्देश दिये। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा डबरी तालाब में विगत 2-3 दिनों से प्रतिदिन सफाई अभियान कार्य प्रगति पर है।तालाब की वर्तमान सफाई व्यवस्था पर विधयाक व महापौर ने संतोष व्यक्त किया एवं इसी प्रकार अन्य तालाबों की सफाई व्यवस्था समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु कायम रखा जाना सुनिश्चित करने कहा। आयुक्त ने सभी सफाई दरोगा को नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित सभी तालाब की जोन स्तर पर वर्षा पूर्व समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सुव्यवस्थित सफाई करवाने के निर्देश दिये है।

एनआईटी रायपुर में क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन

रायपुर 2 जून। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर का खेल विभाग जून माह में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का आयोजन करने जा रहा है। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित इस रोमांचक आयोजन का उद्देश्य संस्थान की फैकल्टी व स्टाफ के बीच शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। लीग की शुरुआत 1 जून 2024 को प्रातः 6 बजे उद्घाटन समारोह के साथ हुई जिसमें प्रोफेसर माइनिंग इंजीनियरिंग डॉ. मनोज प्रधान सम्माननीय अतिथि और विशेष अतिथि डीन (फैकल्टी वेलफेयर) डॉ. डी. सान्याल रहे। उन्होंने सभी टीम के सदस्यों से मुलाकात की और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए मार्गदर्शन दिया। लीग में 3 टीम (एनआईटी रॉयल्स, एनआईटी लायंस, एनआईटी स्ट्राइकर्स) हिस्सा ले रही है। संस्थान की फैकल्टी, रिसर्च स्कॉलर्स और स्टाफ इन टीम के सदस्य हैं। यह सभी उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहे एवं उद्घाटन समारोह के बाद लीग के पहले मैच का शुभारंभ हुआ। 10 मैचों की यह लीग 1 जून 2024 से शुरू होकर 28 जून 2024 को शीर्ष 2 टीम के बीच निर्णायक मुकाबले के साथ समाप्त होगी। इस लीग के कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक दिन पूर्व जर्सी अनावरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी टीम और कार्यक्रम स्पॉन्सर क्लिक एडवाइजरी के श्री संतोष कुमार बजाज उपस्थित थे। भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया फिट इंडिया मूवमेंट दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि और खेल के महत्व पर जोर देता है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, एनआईटी रायपुर में क्रिकेट प्रीमियर लीग एक रोमांचक प्रतियोगिता साबित होगी जो सभी को फिटनेस और खेल भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

राजनांदगांव को हरा भरा करने के लिए वृक्ष गंगा ग्रुप की बैठक होगी 3 जून को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 2 जून। राजनांदगांव के वृक्ष गंगा ग्रुप ने आज की बदलती पर्यावरणिक परिस्थितियों के बीच एक अभूतपूर्व कार्य करने का संकल्प लिया है । नगर के वरिष्ठ और कनिष्ठ जनों को मिलाकर बने इस वृक्ष गंगा ग्रुप ने इस वर्ष भी मानसून की दस्तक के साथ ही शहर में असम के पौधे लगाकर इस शहर को फिर से हरा भरा करने की पहल का काम शुरू कर दिया है । संभवत या पहले ऐसी समिति है जो अपने शहर को उसका हरित वैभव पुनः लौटने की कोशिश हर साल करती है । इस वर्ष वृक्ष गंगा ग्रुप की वृक्षारोपण संबंधी पहली बैठक कल 3 जून को संध्या 6:00 बजे भर का पर स्थित अग्रसेन भवन में नगर के वरिष्ठ व्यक्ति श्री रमेश पुरोहित के संयोजन में आयोजित की गई है ।

कभी अपनी खूबसूरती और हरे भरे वातावरण के लिए पूरे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे अंचल में प्रसिद्ध राजनांदगांव शहर को फिर से हरा भरा करने की पहल राजनांदगांव के ही कुछ सुधि जनों ने निस्वार्थ भाव से शुरू कर दी है। ग्रुप के संयोजक श्री रमेश पुरोहित ने एक मुलाकात में बताया की हम देख रहे हैं की हर वर्ष गर्मियों में तापमान बढ़ता ही जा रहा है, गर्मी असहनीय होने के साथ-साथ पानी की भीषण कमी होती जा रही है और इसके परिणामस्वरूप वर्षा भी लगभग अपर्याप्त और अनियमित सी हो रही है। पर्यावरण पर बहुत उल्टा असर पड़ रहा है। यह सब पेड़ों की कटाई और जंगलों के कम होने के कारण हो रहा है। इस अकल्याणकारी परिवर्तन से केवल एक व्यक्ति या एक समाज ही प्रभावित नहीं है बल्कि सकल विश्व इस पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन के कारण त्रस्त है। हम देख रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में ही अपने शहर राजनांदगांव की जलवायु में भी भीषण परिवर्तन आया है। उन्होंने आगे बताया कि जल और वायु के बाद हरित पादप अर्थात वृक्ष और पौधे ही जीवन का आधार है। इसीलिए उन्होंने वृक्ष गंगा ग्रुप की स्थापना की है। यह ग्रुप हर साल वर्षा ऋतु में नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण करता है।

वर्षा ऋतु आरंभ होने के पहले इस ग्रुप की एक बैठक होती है इस वर्ष यह बैठक अग्रसेन भवन में 3 जून को संध्या 6:00 बजे आयोजित है। वृक्ष गंगा ग्रुप के सभी सदस्यों ने नगर के तमाम सुधि जनों से निवेदन किया है कि वह बैठक में उपस्थित हो कर अपने सुझाव देने तथा पर्यावरण के प्रति अपने नगर की प्रतिबद्धता को रेखांकित कर अपनी सार्थकता सिद्ध करें। ग्रुप के तमाम सदस्यों ने निवेदन किया है की तालाबों मैदानों और सड़कों के किनारे एक-एक वृक्ष लगाये जाने तथा उसकी देखभाल की जाने की योजना में नगर के सभी लोग शामिल होवें ताकि दूषित होते हुए पर्यावरण और भीषण जलवायु परिवर्तन को रोका जा सके। वृक्ष गंगा ग्रुप में नगर के सभी लोगों से निवेदन किया है कि वे बैठक में शामिल हों।

पर्यावरण दिवस मनाया गया

रायपुर 2 जून। भारतीय सेना के मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस आज नया रायपुर के सेंध झील के किनारे मनाया गया। रायपुर के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी, स्थानीय लोग, पूर्व सैनिक और सेवारत सैनिक इस महोत्सव के आयोजन के साक्षी बने। इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी कार्यक्रम जैसे सेंध झील के आस पास के क्षेत्र की साफ़ सफाई, पदयात्रा, संगीतमय प्रस्तुति, जुम्बा, पूर्व सैनिको तथा सेवारत सैनिको द्वारा आम जनता के साथ सेना के अनुभव साँझा किये गए। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के द्वारा भरपूर सहयोग किया गया तथा पर्यावरण से संबंधित विभिन्न मुद्दे जैसे ग्लोबल वार्मिंग, मरूस्थलीयकरण, भूमि बहाली, सूखापन, जल संचयन और वृक्षारोपण पर जागरूकता फैलाई गयी। इस आयोजन को सफल बनाने में ह्रस्ष्ठ, जिला एवं ट्रैफिक पुलिस रायपुर, वन विभाग और रायपुर नगर निगम द्वारा सहयोग दिया गया। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल, पी वी एस एम, ए वी एस एम, वाई एस एम् (सेवानिवृत), कार्यकारी निदेशक और सी ई ओ, एम्स रायपुर ने जनता के सामने आने वाले विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर प्रकाश डाला तथा सभी से पर्यावरण को बचाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। प्रतिभागियों की होंसला अवजाइ करते हुए विभिन्न प्रकार के पुरस्कार प्रदान किये गए साथ ही लता मंगेशकर फैन क्लब द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियों द्वारा उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम स्थानीय लोगों व सैनिकों के साथ सहयोग व संवाद हमारे पर्यावरण को बचाने का विशेष अवसर प्रदान करते है।

हनुमान भक्तो ने किया बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

डोंगरगढ़ 3 जून। माई की नगरी डोंगरगढ़ में गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है प्रति दिन दोपहर में हिट वेव के कारण आम जनमानस को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है बिना आश्रय के जीवन यापन कर रहे वृद्ध बुजुर्ग हिट वेव का शिकार हो रहे है आज सुबह सूचना मिली अंडर ब्रिज के नीचे निवासरत भिक्षुक मंगलू अचानक तबियत बिगड़ने से सरकारी हॉस्पिटल में देहांत हो गया जिसके आगे पीछे कोई न होने पर नगर की सेवाभावी संस्था श्री हनुमान भक्त युवा समिति के सदस्यों के द्वारा चौथना मुक्ति धाम में विधिविधान से अंतिम संस्कार किया गया समिति के हनी गुप्ता ने बताया वर्ष 2017 में मंगलू का गंभीर बीमारी में उपचार कराया गया था पैर से विकलांग होने के कारण भिक्षा मांग कर जीवन यापन करता था उसके सुरेश साथी के साथ वह सेड के नीचे ही रहता था सूचना मिली आज सुबह हनुमान भक्त समिति हनी गुप्ता,अजय ठाकुर,हिमाशु गुप्ता,सोनू शर्मा पुलिस कांस्टेबल महेंद्र भगत नगर पालिका के घनश्याम साहू, योगेश टांडिया ने उपस्थित रहकर सहयोग किया। गौ सेवक हिमाशु गुप्ता ने नगर वासियों से आग्रह किया कि अपने आस पास जानवरो के लिए पीने का पानी व भोजन रखे व गरीबी परिवार या भिक्षुक कोई हो तो यथासंभव मदद करे साथ ही अति आवश्यक काम रहने और ही दोपहर में घर से बाहर निकले। आपको बता दें कि कोविड के पूर्व से अब तक संस्था द्वारा 13 से 14 भुक्षुकों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। हनुमान भक्त समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे नेक कार्य से सुकून की अनुभूति मिलती है।

आम की 150 से अधिक किस्मों एवं 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा

कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव 12 से 14 जून तक

रायपुर, 2 जून। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12, 13 एवं 14 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 150 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित है। इसके अतिरिक्त आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते है। इस प्रतियोगिता में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क रहेगा। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं।

आयोजन के प्रथम दिवस 12 जून को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके पश्चात सामान्यजनों के लिए प्रदर्शनी अवलोकनार्थ सायः 9 बजे तक खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में आम की विभिन्न किस्मों के फल, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे भी सामान्यजनों हेतु विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे। आयोजन के द्वितीय दिवस आम उगाने वाले कृषकों एवं जिज्ञासुओं के लिए 13 जून को 12 बजे से 4 बजे तक तकनीकी मार्गदर्शन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता के आम की विभिन्न किस्मों का उत्पादन, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन के साथ ही आम उत्पादन हेतु छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की जायेगी, जिससे नयी पीढ़ी के लोग आम उत्पादन की ओर बढ़ सके। आम उत्पादन को पर्यावरण के संरक्षण के साथ एक स्वास्थ्यवर्धक व्यवसाय के रूप में अपनाने की जानकारी आम लोगों को प्रदान की जा जाएगी।

राष्ट्रीय आम महोत्सव के अंतिम दिन प्रदर्शनी के अवलोकन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय फल ''आम'' जो कि आम जनता का प्रिय फल है उसकी समस्त सामान्य एवं खास किस्मों, विशिष्ट उत्पादों एवं भविष्य में अधिक उत्पादन के लिए रोजगार के साधनों की जानकारी सामान्य नागरिकों, महिलाओं, विद्यर्थियों, नव उद्यमियों एवं कृषकों को प्रदान करना है। राष्ट्रीय आम महोत्सव के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी न्यूनतम 10 आम प्रति किस्म के साथ भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर आयोजित आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता सामान्य जन न्यूनतम 250 ग्राम आम के उत्पाद को पंजीयन कर इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। इस आयोजन में पंजीयन एवं प्रवेश निशुल्क है अतः इस अवसर का लाभ प्राप्त करने हेतु सहभागी बने।

समाचार संक्षेप

मतगणना के दौरान भाजपा कार्यकर्ता सजग रहें: सुरेश लाल

राजनांदगांव 2 जून। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आज 04 जून को प्रस्तावित मतगणना कार्य के लिये नियुक्त किये गये गणन अभिकर्ताओं व एआरओ. कार्यकर्ताओं की एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें मतगणना के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को सजग व जागरूक रहकर कार्य करने की बात कही गई। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक में कार्यकर्ताओं को मतगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराते हुये वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच.लाल. ने कहा कि इस दौरान कार्यकर्ताओं को सुबह 07.00 बजे मतगणना स्थल पर पहुंचना है, वे अपने साथ मोबाईल, पेन व तम्बाकू, गुटखा इत्यादि चींजे लेकर नहीं आये तथा समय पर निर्धारित टेबल पर अपना स्थान सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे कहा कि मतगणना कार्य बेहद आवश्यक है इस हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। देश की राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुये कहा कि पूरा भारत व सारी दुनिया इस बात को अच्छे से समझ रही है कि मान्यवर मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे है, उनके ÷चार सौ पार÷ की माला में एक फूल हमारे संसदीय क्षेत्र का भी होगा, इस विश्वास के साथ कार्यकर्ता मतगणना कार्य में लगने गणना स्थल पर उपस्थित हो। बैठक को लोकसभा चुनाव संयोजक पूर्व सांसद मधुसूदन यादव भाजपा प्रत्याशी व सांसद संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया व कार्यकर्ताओं को हर परिस्थिति से निपटने के लिये तैयार रहने का आह्वान किया। मंच पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सचिन सिंह बघेल, खैरागढ़ के जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, एम.डी.ठाकुर, सावन वर्मा, लीलाधर साहू, बंटी भाटिया, शिव वर्मा, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, रविन्द्र वैष्णव उपस्थित थे। इस दौरान कोमल सिंह राजपूत, कैलाश शर्मा, आलोक श्रोती, हिरेन्द्र साहू, आलोक बिंदल, किशुन यदु, रघुवीर वाधवा, त्रिगुण टॉक, तरूण लहरवानी, रोहित चन्द्राकर, मनोज साहू, हकीम खान, राधेश्याम गुप्ता, रवि सिन्हा, बिरेन्द्र जैन, भावेश बैद, सुमीत भाटिया, आकाश चोपड़ा, मिथलेश्वरी वैष्णव, संगीता मिश्रा, पुष्पा गायकवाड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

डॉ. रमन सिंह से मिलने लोगों का लगा रहा तांता



राजनांदगांव 2 जून। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का आज शहर में आगमन हुआ, वे सबसे पहले अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैण्ड पहुंचे जहॉ आरोग्य भारती द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया व लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह देते हुये कहा कि आरोग्य भारती इस दिशा में देशभर में सार्थक प्रयास कर रही है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लगभग 1 घंटे अग्रसेन भवन के कार्यक्रम में उपस्थित रहने के पश्चात् डॉ. सिंह विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड पहुंचे जहॉ बड़ी संख्या में नागरिकों व सामाजिक संगठनों के लोग उनका इंतजार कर रहे थे, वे आते ही साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की, उनके द्वारा दिये गये सुझाव व ज्ञापन पर तत्काल प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिये, फिर उनसे मिलने बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि पहुंचे थे, वे अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातारण में देर तक चर्चा की। उनकी बातों को गंभीरता से सुना फिर उनसे मिलने नागरिकों का तांता लगा रहा। वे एक-एक कर सभी से मुलाकात की उनकी समस्याओं को सुना और प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये। डॉ. सिंह से मिलने बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी पहुंचे थे, वे सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान अनेक बार हॅसी व दिल्लगी के फौव्वारे छूटते रहे। डॉ. सिंह अपने धीर-गंभीर स्वभाव के अनुरूप सभी से भेंट मुलाकात करते रहे, अनेक लोग व शहर के गणमान्य नागरिक उनसे सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे थे, उनसे भी वे रूबरू हुये। यह क्रम दोपहर बाद से देर तक चलता रहा।

मतगणना के परिणाम के टेबुलेशन के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद 2 जून। लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा । मतगणना के परिणाम का टेबुलेशन करने के लिए कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रभात मलिक द्वारा टेबुलेशन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है , जिन्हें कलेक्टर सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू ने कहा कि टेबुलेशन का कार्य अत्यंत सावधानी से किया जाने वाला कार्य है । परिणामों की प्रविष्टि निर्धारित प्रपत्रों में करते समय थोड़ी सी भी चुक या त्रुटि नहीं होनी चाहिए । प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री आशीष कर्मा, एसडीएम श्री उमेश साहू उपस्थित थे। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि प्रत्येक विधानसभा के गणना हाल में 14-14 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल का प्रभारी अधिकारी कंट्रोल यूनिट से परिणाम देखकर प्रारूप 17 सी का भाग दो तैयार करेगा तथा टेबुलेशन के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल में भेजेगा । इनके आधार पर चरणवार रूझान/ परिणामों की जानकारी तैयार की जाएगी तथा प्रारूप 20 के भाग एक में लिखकर रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर भेज दी जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर नियुक्त अधिकारी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्राप्त प्रारूप 20 के भाग एक के आधार पर भाग दो बनाया किया जाएगा, जिससे संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का परिणाम तैयार होगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी चरणों की गणना समाप्त होने के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रारूप 21 श्व में निर्वाचन की विवरणी तैयार किया जाएगा। जिसके आधार पर अंतिम परिणाम की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गोस्वामी द्वारा टेबुलेशन में प्रयुक्त होने वाले समस्त फार्मेट, प्रारूपों को पावर पाइंट प्रजेंटेशन द्वारा दिखाते हुए तैयार करने की विधि भी बताया गया। प्रशिक्षण में सभी संबंधित टेबुलेशन अधिकारी उपस्थित थे।

गोवा में मिस इंडिया सुपर मॉडल शो में छत्तीसगढ़ की मॉडल ने बाजी मारी वर्षा , छमा ,सुजैन, सामर्थ, काव्या जैन छायी रहीं

जे के सुपर मॉडल सीजन 3 मिस, मिसेज, मिस्टर और किड्स का आयोजन नॉर्थ गोवा होटल नीलम द ग्रैंड में जे के फाउंडेशन की ऑनर टी जया रेड्डी द्वारा 30 मई को शानदार आयोजन के साथ किया गया जिसमें अभिनेत्री दिव्या शिवपुरी जो की सेलिब्रिटी अतिथि थी।इवेंट का कॉर्डिनेट श्री मनोहर कृष्णानी ने किया! कार्यक्रम के सह प्रायोजक वेदिका टाइल्स के मालिक श्री सतीश अग्रवाल, इसके अलावा जूरी में सोनम श्रीवास्तव, ममता प्रसाद, वीवी गांधीवी, सेलिब्रिटी host (एंकर) गायक लकी' तरार , वी आई पी अतिथि प्रीती त्रिपाठी, नेहा पटेल, सविता सिंह, सौरभ पांडे,मनोहर कृष्णानी, गेस्ट ऑफ़ ऑनर कांति मौर्य,मीनू बिस्ट, कोमल सावलानी थी! कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलित कर किया गया । जेके सुपरमॉडल सीजन 3 मिस इंडिया का कार्यक्रम इस प्रकार था कि 28 तारीख को सभी ने गोवा में सिटी टूर कराया गया 29

टाइल्स तारीख सुबह से बीच राउंड था जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपना भाग लिया उसके बाद 30 तारीख की सुबह स्विमिंग पूल राउंड किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने भाग लिया उसके बाद शाम को 7:00 बजे फाइनल राउंड चालू हुए ट्रेडिशनल राउंड किया गया जोंकी इवेंट का तीसरा फाइनल राउंड था उसके बाद टैलेंट राउंड और गाउन राउंड था लेकिन हमारी सेलिब्रिटी गेस्ट रितु शिवपुरी जिनके पति आईसीयू मुंबई में एडमिट थे सो उन्हें जाना था उनकी फ्लाइट थी तो ज्यूरी ने फ़ैसला किया की विजेता विजेताओं का सेलेब्रिटी गेस्ट रितु शिवपुरी के हाथो से क्राउनिंग किया गया उनको विदा करने के बाद बाकी के बचे 2 राउंड टैलेंट और गाउन राउंड संपन किया गया।

विनर्स में मिस वर्षा मौर्य, मिसेज प्लस छमा बंजारे , मिसेज गोल्ड सुजैन खान, मिस्टर में सामर्थ शर्मा, किड्स में काव्या जैन ये पांचों विनर रहे। फार्स्ट रनर अप मिस बी जेसविता, मिसेज गोल्ड उमा कुशवाहा और मिसेज क्लासिक भावना नथवानी और मिस्टर में कुलदीप रहे। सेकंड रनर अप मिस सरिता कुशवाहा, मिसेज गोल्ड रूचि जैन मिसेज क्लासिक पूजा महेश और मिस्टर में हर्ष सिंह राजपूत रहे। थर्ड रनर अप मिस श्वेता सिंह और सुमन बारा रही मिसेज क्लासिक कैटेगरी में किरण राव और मिस्टर में अतुल रहे। इवेंट को सफल बनाने में जे के फाऊंडेशन को पॉवर बाय सतीश अग्रवाल, सभी ज्यूरी। सोनम, वी वी, ममता, होस्ट लक्की जी तरार (एंकर), इवेंट के काउडिनेटर मनोहर कृष्णानी , ग्रूमर्स राहुल हर्सिका और ऋषि, सभी का आभार व्यक्त करता है।

टेलीविजन कलाकारों ने पुरानी व बेकार की चीजों को दोबारा इस्तेमाल में लाने के बारे में की बात

अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करना और पर्यावरण की रक्षा करते हुए जीवन जीना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यही वजह है कि अपसाइक्लिंग (रचनात्मक रूप से पुर्नइस्तेमाल/पुनर्निर्माण) जैसे कॉन्सेप्ट बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण बन रहे हैं। अपसाइक्लिंग पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने, संसाधनों के संरक्षण और आर्थिक एवं रचनात्मक अवसरों को बढ़ावा देने का एक व्यावहारिक तरीका है। अपसाइक्लिंग कचरे के रूप में फेंक दिये जाने योग्य चीजों का पुर्नइस्तेमाल कर कचरे को कम करता है और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करता है। इससे पैसों और एनर्जी दोनों की बचत होती है, क्योंकि यह आपके पास पहले से मौजूद सामानों के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है, जिससे नये उत्पाद की जरूरत कम होती है। इसके अतिरिक्त अपसाइक्लिंग से रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है और सस्टेनिबिलिटी के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस वर्ल्ड एन्वॉयरमेंट डे (विश्व पर्यावरण दिवस) पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने अपसाइक्लिंग की अहमियत और उन घरेलू चीजों के बारे में बात की, जिनका उन्होंने पुर्नइस्तेमाल किया। इन कलाकारों में शामिल हैं नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा बिहारी बाजपेयी), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। 'अटल' में कृष्णा बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी कहती हैं, ''मुझे अपनी लाइफस्टाइल में अपस्किल्ड चीजों को शामिल करना बहुत अच्छा लगता है। पुनर्निर्मित शूटिंग बैग्स से लेकर कस्टमाइज्ड मेकअप किट तक, मैंने एक प्रतिष्ठित ब्रांड, जो मेरे एक करीबी दोस्त का है, की कई अपसाइकल्ड चीजों को अपनाया है। पारंपरिक ब्रांडेड वस्तुओं की तुलना में अपसाइकल किए गए उत्पादों के प्रति मेरी दिलचस्पी प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की मेरी प्रतिबद्धता से पैदा हुई है। अपसाइकल्ड उत्पादों को अपनाकर मैं प्लास्टिक के कचरे को कम करने और पर्यावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में सक्रिय योगदान करती हूं। अपसाइकल्ड उत्पादों का इस्तेमाल करने के अलावा, मैं अपने पास मौजूद चीजों को भी अपसाइकल करने की कोशिश करती हूं। उदाहरण के लिये मैंने अल्युमिनियम की एक पुरानी केतली से एक अनूठा लैम्प बनाया है और एक चेन बास्केट का पुनर्निर्माण एक क्रिएटिव स्टोरेज सॉल्यूशन के रूप में किया है। इसके अलावा, मैंने अपनी पुरानी जींस से स्टालिश कुशन कवर भी बनाये हैं, जो मेरे लिविंग स्पेस को एक पर्सनल टच देते हैं। मेरी सबसे पसंदीदा अपसाइक्लिंग प्रोजेक्ट में शामिल हैं, 10 से भी ज्यादा बिरयानी पॉट्स को खूबसूरत गमलों में बदलना। मैंने इन पॉट्स को पिछले दो सालों में अपने बिरयानी ऑर्डर्स पर जमा किया था और ये वाइब्रेंट एवं इको-फ्रेंडली गमलों के रूप में मेरे होम गार्डन की शोभा बढ़ा रहे हैं। अपसाइक्लिंग मुझे अपनी क्रिएटिविटी को दिखाने और एक स्थायी एवं पर्यावरण के प्रति सजग जीवनशैली में योगदान देने में सक्षम बनाती है।'' हिमानी शिवपुरी ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा ने कहा,'' रोजमर्रा की चीजों को नया रूप देकर, मैं अपने जीवन में सिंगल-यूज प्लास्टिक को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैंने अपनी पुरानी साड़ियों को टिकाऊ सूती बैग्स में और प्लास्टिक की बोतलों को रंगीन गमलों में बदलने की पहल की है।

ओथेलो: शेक्सपियर का मंचन हुआ

ओथेलो का किरदार पंचायत फेम दुर्गेश कुमार उर्फ बनराकस ने निभाया और वह दुनिया को अपनी प्रतिभा लाइव दिखा कर दर्शकों का मनमोह लिया ।

निर्देशक ने दूसरे सेट में ओथेलो का किरदार निभाने की जिम्मेदारी ली हुई थी, इनके भी किरदार का लोगों से बहुत प्यार मिला । विलेन की भूमिका में हिमांशु राज तालरेजा थे जिन्होंने दोनों ही शो में अपने एक्टिंग से चार चांद लगा दिए और थिएटर देखने आए दर्शकों ने इनके इस अभिनय के लिए जमकर तालियों से स्वागत किया और सारे कलाकार की मदद से दोनों शो सक्सेस रहा दर्शक के रूप में उमड़ी भीड़ ने शो खत्म होने पर लगातार ताली बजाते रहे और सबकी तारीफ करते हुए पाए गए ।कलाकार की बात करे तो संजना विज, मानसी सहगल, प्राची पटवारी, कुमार सौरभ, अरुण पाठक, नंदिता सिंह, वैशाली, राजन शर्मा, शिशिर सिंह, स्पंदन मोदी, फिरोज चौधरी, शहंशाह सम्राट, मनीष यादव, निश्चय उपाध्याय, दिलीप गौतम, शुभम कश्यप, रोहित फोगाट और आलोक. निर्माता : संपत सिंह राठौर, दुर्गेश कुमार और हिमांशु राज तलरेजा प्रोडक्शन डिजाइनर उज्जवल कुमार, कॉस्ट्यूम डिजाइनर स्नेहा कुमार, म्यूजिक डायरेक्टर विनर राणाडिव इन सबका योगदान महत्वपूर्ण रहा। ओथेलोः विलियम शेक्सपियर द्वारा पांच कृत्यों में त्रासदी, 1603-04 में लिखी गई और 1622 में एक लेखकीय पांडुलिपि की प्रतिलेख से क्वार्टो संस्करण में प्रकाशित हुई।

यह हमारे समर्पण और टीम वर्क का प्रमाण है

"अनदेखी" के नवीनतम सीजन ने दर्शकों को पहले की तरह मंत्रमुग्ध कर दिया है, और वरुण भगत के लकी पाजी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले चित्रण ने, पिछले सीजन में अपने क्रूर व्यवहार के लिए जाने जाने वाले, लकी पाजी ने इस सीजन में एक गहरी भावनात्मक गहराई का खुलासा किया है, जो प्रशंसकों और आलोचकों को गहराई से प्रभावित कर रहा है। एक जैसे। लकी पाजी के जटिल विकास को चित्रित करने की उनकी क्षमता ने एक अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और गहराई का प्रदर्शन किया है। "अनदेखी 3" की बढ़ती लोकप्रियता इसके बढ़ते प्रशंसक आधार और कलाकारों के प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशंसा में परिलक्षित होती है। गर्व और खुशी से भरे वरुण भगत कहते हैं, "हमारी तीसरी सफलता तक पहुंचना अवास्तविक लेकिन अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद

लगता है। अनदेखी 3 सिर्फ एक शो नहीं है; यह हमारे समर्पण और टीम वर्क का प्रमाण है।" "अनदेखी 3" की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए, पूरी कास्ट और क्रू हाल ही में एक भव्य पार्टी के लिए एक साथ आए। उत्सव एक जीवंत कार्यक्रम था, जिसमें वरुण को सूर्या शर्मा, मेयांग चांग और कई अन्य लोगों सहित अपने सह-कलाकारों के साथ नृत्य करते और रात का आनंद लेते देखा गया। वरुण भगत ने अपने बेदाग फैशन सेंस का प्रदर्शन करते हुए, उत्सव से विशेष अंश साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया। इस अवसर पर, वरुण ने एक शानदार पोशाक पहनी जिसने सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने चमकीले सफेद धोती और चमकदार काले जूते के साथ एक सुंदर काला कोट पहना था, जो सुरुचिपूर्ण सोने के सामान के साथ उनके लुक को पूरा कर रहा था। उनका पहनावा पारंपरिक और समकालीन शैलियों का एक आदर्श मिश्रण था, जो उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाता था। यह आयोजन श्रृंखला में शामिल सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण था।

महावीर की वापसी से सूर्य प्रताप के साथ एक घातक मुठभेड़ होती है

सोनी सब का 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' प्यार और समय यात्रा की दिलचस्प कहानी है। हालिया एपिसोड्स में, दर्शकों ने काफी रोमांचक ड्रामा देखा, जब क्रोधित मान सिंह (अनुज सचदेवा) ने सूर्य प्रताप (करण वी ग्रोवर) को मारने की कोशिश की, इस बीच, तारा (रिया शर्मा) को उसकी रक्षा करते हुए चोट लग गई। जबकि उसका इलाज किया जा रहा है, तो उसे अपने भाई महावीर (कृष्ण भारद्वाज) को लेकर भ्रम होता है, जो हमेशा उसकी मदद के लिए मौजूद रहा है। हालांकि, तारा को इस बात का अंदाज़ा नहीं था कि उसके भ्रम सच हो रहे हैं। आगामी एपिसोड्स में, दर्शक अपनी सीट से चिपके रहेंगे क्योंकि महावीर सूर्य प्रताप से बदला लेने के लिए वापस आता है, क्योंकि सूर्य प्रताप ने उससे उसका राज्य और परिवार छीन लिया था और चालाकी से तारा को यह यकीन दिलाया कि वह एक अच्छा इंसान है। उस उथल-पुथल में, महावीर को लगा था कि उसकी बहन तारा मर गई है क्योंकि तारा ने वल्लभगढ़ के राजा की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी। उसे लगता है कि वह अपनी बहन तारा की रक्षा नहीं कर पाया है। यह अपराधबोध उसे बदला लेने के लिए प्रेरित करता है, और वह सूर्य प्रताप को उसके किए की सज़ा दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। तनाव और ड्रामा दर्शकों को बांधे रखेगा। वनराज के रूप में वापसी करने वाले कृष्णा भारद्वाज ने कहा, ''चूंकि मेरा किरदार महावीर स्क्रीन पर लौट रहा है, मुझे यकीन है कि दर्शक और अधिक ड्रामा की उम्मीद कर रहे होंगे।

छोटा भीम की महाकाव्य गाथा को फिर से लिखना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था

''उत्साह से भरी एक शाम में, "छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान" की विशेष स्क्रीनिंग हुई, जिसमें हर तरफ से फिल्म प्रेमी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारत के सबसे प्रिय एनिमेटेड करैक्टर में से एक, छोटा भीम के एक्शन और साहसिक कार्य को दिखाया गया है। अद्भुत लिखत नीरज विक्रम द्वारा लिखी गई कहानी, दर्शकों को एक रोमांचक यात्रा पर ले जाती है क्योंकि छोटा भीम और उसके दोस्त दमयान के खतरनाक अभिशाप का सामना करते हैं। एक अद्भुत लेखक के रूप में अपनी भूमिका में, नीरज विक्रम ने एक बार फिर अपनी रचनात्मक दृष्टि को जीवंत कर दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि फिल्म युवा दर्शकों एवं सभी को पसंद आएगी। उन्होंने फिल्म की रिलीज और इसकी दिलों को लुभाने की क्षमता को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए अपनी भावना व्यक्त की। विशेष स्क्रीनिंग में उपस्थित लोगों को एक दृश्य दावत दी गई, जिसमें जीवंत एनिमेशन और एक आकर्षक कहानी थी जिसने सभी को अपनी सीटों से बांधे रखा। फिल्म के प्रीमियर ने न केवल कलाकारों और क्रू की कड़ी मेहनत का जश्न मनाया, बल्कि छोटा भीम की स्थायी लोकप्रियता की भी पुष्टि की। स्क्रीनिंग के बाद इंटरव्यू में, नीरज विक्रम ने प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया और फिल्म के लेखन और अपने विचार साझा किए।

बापोदरा ने घातक कार दुर्घटना में किसी की हत्या के आरोपों के मामले में अपनी बेटी का बचाव किया

सोनी सब का ''पुष्पा इम्पॉसिबल'', पुष्पा (करुणा पांडे) की कहानी दर्शाता है, जो सकारात्मक नज़रिये के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हाल ही में, दर्शकों ने देखा कि प्रार्थना (इंद्राक्षी कांजीलाल) अपने ड्राइवर के साथ बाजार जाती है। गाड़ी चलाते वक्त ड्राइवर को

दिल का दौरा पड़ा। खुद को बचाने के लिए, प्रार्थना कार को संभालने लगी, जिससे कार गलती से एक बाइक से भिड़ते हुए एक पेड़ से टकरा गई।

आने वाले एपिसोड्स में, प्रार्थना को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। पुलिस उसका बयान लेने के लिए पहुंचती है, और उसे याद आता है कि शायद दुर्घटना के दौरान उन्होंने किसी बाइक को टक्कर मार दी थी। हालांकि, वह यह बात पुलिस को नहीं बताती है और केवल बापोदरा (जयेश बरभाया) के साथ साझा करती है। बापोदरा उसे यह जानकारी गुप्त रखने की सलाह देते हैं। मीडिया खबर के लिए चॉल में पहुंच जाता है। बापोदरा मीडिया ट्रायल के दौरान अपनी बेटी प्रार्थना का बचाव करते हुए उसके साथ खड़े रहते हैं।

प्रार्थना की भूमिका निभाने वाली इंद्राक्षी कांजीलाल ने कहा, ''प्रार्थना काफी मासूम महिला है, जो मीडिया द्वारा दुर्घटना में हुई मौत का आरोप लगाए जाने से सदमे में है। वह भावनाओं के भारी तूफान का भी सामना कर रही है क्योंकि उसे पूरी घटना याद नहीं है। हालांकि, अंततः उसे याद आ जाता है कि क्या हुआ था और वह बहादुरी से अपने पिता बापोदरा को इसके बारे में बता देती है। वह उसे सलाह देते हैं कि जब तक उन्हें कोई सबूत नहीं मिल जाता तब तक इस बात को गुप्त रखें। प्रार्थना के अच्छे इरादों के बावजूद, मौजूदा हालात के कारण उसे निर्दोष साबित करना कठिन हो जाता है। आने वाले एपिसोड्स में दिखाया जाएगा कि प्रार्थना कैसे सब कुछ संभालती है और कैसे बापोदरा उसका साथ देते हैं, जो अपनी बेटी की रक्षा के लिए सभी से लड़ते हैं।''

एक्शन स्टार हर्ष चंद्रा फिल्म "संघर्ष एक जंग" में रोमांस करते नजर आयेंगे

रायपुर.. निर्माता सम्राट तिवारी (बिलासपुर) की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म संघर्ष एक जंग का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है कहानी ,पटकथा, लेखक रतन कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म आगामी 30 अगस्त को प्रदेश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी वैसे पूर्व में 21 जून को प्रदर्शित होनी थी लेकिन निर्माता के पितृ शोक के वजह से तारीख चेंज की गई

प्रदेश में 30 अगस्त से प्रदर्शित होगी

निर्देशक रतन कुमार ने बताया कि इस फिल्म से इंडस्ट्रीज को एक नया एक्शन एंग्री हीरो हर्ष चंद्रा के रूप में मिलेगा, अपने एक्शन फिल्म के चलते कमाल की अदाकारी से दर्शकों को मन्त्रमुग्ध करेगा। निर्देशक ने आगे बताया कि फिल्म रोमांस एक्शन फैमिली ड्रामा के साथ मनोरंजन का भरपूर मसाला दिखाया गया है, हीरो हर्ष के अपोजिट हिरोइन नेहा पाणिग्रह रोमांस करते नजर आएंगी विलेन की भूमिका में चर्चित अजय पटेल हीरो से दो दो हाथ करते नजर आयेंगे, फिल्म मे 4 गाने हैं जिसको संगीत से पिरोया है रोशन वैष्णव ने ,फिल्म में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगे विक्रम राज, उपासना ,अंशुल अवस्थी, दिव्या नागदेव, प्रदीप शर्मा, प्रारंभिक खान, आनंद संघ, केके सिन्हा,

दिनेश शर्मा, हीना, देविक, इशिका, अरुण भांगे, विक्की, राजू, विजय बागे, सह निर्माता बाबा देवांगन कहानीः रतन कुमार और धीरज बाडी

संवादः संदीप स्वरांश और जैसवाल का है ,फिल्म केमेरा में कमाल दिखाया है दिलीप बारिक ने गीतकारः धीरज बाड़ी, अजय बारिक और सूरज मधुकर, आकाश विशाल है गानों को कर्णप्रिय बनाया है धीरज बाड़ी अवम श्रद्धा मंडल ने फिल्म में एक्शन दिया है शैलेन्द्र परिदा ने, फिल्म में बेल्तरीन कोरियोग्राफी दिखाई देगी आर बापी साहू की फिल्म आगामी 30अगस्त को रिलीज होगी

जान्हवी कपूर ने पूरी म्यूजिक टीम के साथ मुंबई में मिस्टर एंड मिसेज माही का एल्बम लॉन्च किया

मुंबईः शुक्रवार को, साल की सबसे बहुप्रतीक्षित रिलीज में से एक, मिस्टर एंड मिसेज माही के कलाकार और पूरी म्यूजिक टीम मुंबई में एक विशेष अनुभव पर फिल्म का एल्बम लॉन्च करने के लिए एक साथ आई। दुनिया के अग्रणी ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म Spotify और सोनी म्यूजिक इंडिया ने जान्हवी कपूर के साथ-साथ निर्देशक शरण शर्मा और फ़िल्म के साउंडट्रैक के पीछे के संगीतकारों तनिष्क बागची, विशाल मिश्रा, जुबिन नौटियाल, जानी और उनकी टीम, कौसर मुनीर, नीति मोहन, कविता सेठ, लक्ष्य कपूर, अचिंत, मोहम्मद फ़ैज़, ध्रुव दल्ला को एक साथ लाया, जहाँ दोपहर में परफ़ॉर्मेंस और बातचीत हुई, जिसके बाद 7 गानों वाला एल्बम रिलीज़ किया गया। फ़िल्म के दो गाने, 'देखा तेनु' और 'अगर हो तुम' रिलीज़ हो चुके हैं और दुनिया भर के श्रोताओं के बीच पहले से ही धूम मचा रहे हैं।

निश्चित है अटल की जीत!

अटल के खिलाफ सुशीला बुआ (दीपा सावरगांवकर) और सुदर्शन त्रिपाठी (माधव अभ्यंकर) के दुष्ट इरादों के कारण आने वाले एपिसोड्स में बड़ी उथल-पुथल और ड्रामा दिखेगा। सुशीला बुआ और सुदर्शन त्रिपाठी को हाल ही में अटल से करारी हार मिली थी, जब उसने बहादुरी से अपनी माँ कृष्णा देवी (नेहा जोशी) का साथ दिया था। अब वे दोनों एक बड़ी योजना बना रहे हैं, ताकि धोखे से अटल को गलत साबित कर सकें। इस पर अपनी बात रखते हुए, कृष्णा देवी, ऊर्फ नेहा जोशी ने कहा, ''सुशीला बुआ, सरस्वती को यकीन दिलाती है कि वह अटल और कृष्णा देवी को बटेश्वर भेज देगी।

यह मेरे सभी शो से अलग हैः सरगुन

डायनेमिक निर्माता और प्रतिभाशाली अभिनेत्री सरगुन मेहता, सोनी सब पर अपना बहुप्रतीक्षित नया शो, 'बादल पे पांव है' लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। प्रतिभाशाली अमनदीप सिद्धू अभिनीत, यह अनोखा शो अपनी नवीन कहानी और दिलचस्प किरदारों से दर्शकों को लुभाने का वादा करता है। पारंपरिक कहानियों के विपरीत, यह शो स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग में महिलाओं के अपेक्षाकृत अनछुए डोमेन को दर्शाते हुए, एक नया और प्रगतिशील परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है। बानी के किरदार के जरिये, शो एक प्रासंगिक सवाल करता है - अगर जीवन ने हमें सीमित साधन दिए हैं, तो हम इससे संतुष्ट क्यों हैं और कुछ ज्यादा हासिल करने की कोशिश क्यों नहीं कर रहे हैं? यहां, सरगुन मेहता ने इस शो के निर्माण, लालच और महत्वाकांक्षा के बीच की बारीक रेखा, पंजाब में इसकी पृष्ठभूमि के महत्व, इसे जीवंत बनाने वाले असाधारण कलाकारों, और बहुत कुछ पर अपने विचार व्यक्त किए।

आपको बादल पे पांव है की इस अनूठी अवधारणा का विचार कैसे आया, और यह आपके अन्य शो से कैसे अलग है?

मैं बहुत लंबे समय से स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग सीखना चाहती थी और मेरे सभी दोस्त, मेरे पिता और भाई और अब मेरी भाभी भी, स्टॉक ट्रेडिंग करते हैं। जब मैं स्टॉक के बारे में सीख रही थी, तो यह विचार मेरे दिमाग में आया, और मैं यह सोचने लगी कि मैं ऐसा क्यों करना चाहती थी, और किस तरह के लोग स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग में रुचि रखते हैं। तभी बानी का किरदार अस्तित्व में आया।यह न केवल मेरे सभी शो से अलग है, बल्कि यह टेलीविजन के बाकी शो से भी अलग है। सर्वप्रथम, यह एक पूरी तरह से अलग दुनिया है। काफी लंबे समय तक, महिलाओं ने केवल सिलाई या खाना पकाने का काम किया है क्योंकि महिलाओं के लिए करियर के विकल्प कम थे। इसलिए उन्होंने जो भी कौशल सीखा, उसे उन्होंने करियर में बदल दिया। लेकिन

आज की पीढ़ी किसी निश्चित कौशल सेट तक सीमित नहीं रही है। उन्होंने अपने लिए करियर के नए रास्ते खोल लिए हैं। महिलाएं आज सब कुछ कर रही हैं तो शेयर मार्केट में ट्रेडिंग क्यों नहीं?

क्या आप बानी के किरदार पर कुछ प्रकाश डाल सकती हैं?

समाज ने हमेशा हमसे कहा है कि हमारे पास जो है, हमें उसी में संतुष्ट रहना चाहिए। चाहे यह ज़्यादा हो या कम, हमारे पास जो कुछ भी हो हमें उसे लेकर संतुष्ट होना चाहिए और आभारी रहना चाहिए। यह भी अच्छी बात है। लेकिन कभी-कभी संतुष्ट रहने से आलसपन भी हो सकता है क्योंकि हम मेहनत करना बंद कर देते हैं। मैंने अपने जीवन में भी कई बार लोगों को यह कहते हुए सुना है जितनी चादर है उतने ही पैर पसारने चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि अब समय बदल गया है। लोग जीवन में बड़ी चीजें हासिल करना चाहते हैं। मेरी मां कहा करती थीं, 'बड़ा सोचो, तभी तुम जिंदगी में बड़ी चीजें हासिल कर पाओगी।' यह किरदार काफी हद तक इस बात से उपजा है कि मेरी परवरिश कैसे हुई है और मेरी मां कैसी हैं। हम सचमुच बड़े सपने देखने वाले लोग हैं। तो हमारे पास एक लड़की है जो उन सभी से सवाल कर रही है जो कहते हैं कि यही हमारी किस्मत है, और हम इसमें खुश हैं। इसलिए वह उस सामाजिक मानदंड को चुनौती दे रही है।

किस बात ने अमनदीप सिद्धू को बानी के लिए सही विकल्प बनाया?

जब हमने अमनदीप का पहला ऑडिशन देखा तो वह मुझे तुरंत पसंद आ गई। जब हमने उनके साथ मॉक शूट किया तो मैं और मेरे निर्देशक 100% आश्वस्त हो गए। हालांकि, मैं तब तक अमनदीप से नहीं मिली थी। लेकिन जब मैं उनसे पहली बार मिली और उन्हें कुछ सीन सुनाए तो मैंने उनकी आंखों में चमक देखी। उन्होंने मुझे अपने जीवन के कुछ ऐसे उदाहरण दिए, जहां उन्होंने भी बानी की तरह व्यवहार किया था। उस पल मुझे यकीन हो गया कि वह बानी ही है। अमनदीप बानी के बहुत करीब थी, और मुझे लगता है कि वह बस इस किरदार के उसकी झोली में आने की प्रतीक्षा कर रही थी। मैं यकीन से कह सकती हूं कि उनकी अपनी एक बानी है।

पंजाब आपके कई शो और फिल्मों की पृष्ठभूमि रही है। क्या आप अपनी कहानियों में इसका महत्व बता सकती हैं?

ऐसा सिर्फ इसलिए है क्योंकि मैं इस संस्कृति से सबसे ज्यादा कनेक्ट कर पाती हूं। मैं चंडीगढ़ में पैदा हुई हूं और वहीं पली बढ़ी हूं, और मैं पंजाबी फिल्में करती हूं, इसलिए यह कुछ ऐसा है जिसका मैं समर्थन करती हूं। यह मेरे लिए आसान और स्वाभाविक है। चूंकि मैं व्यवस्थित रूप से लिखती हूं, इसलिए मेरे लिए पंजाब आधारित कहानी लिखना आसान हो जाता है, हालांकि मैं कई अन्य संस्कृतियों के बारे में पढ़ूंगी लेकिन अभी के लिए, बस इतना ही। तो बादल में, दो प्रकार के पंजाबी परिवार हैं, एक लड़के का परिवार है, जो अपने पास मौजूद साधनों को लेकर संतुष्ट है।

दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर में 25 हजार से अधिक लोगों का बनाया गया कार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 2 जून। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत छूटे हुए समस्त हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 एवं 30 मई को दो दिवसीय महाअभियान का आयोजन जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में किया गया। दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महाअभियान में जिले में कुल 25256 कार्ड बनाये गए। इसके अलावा इस अभियान में अन्य विभागों को भी अपनी योजनाओं का लाभ आम जनों को देने के निर्देश दिये गए थे जिसमें खाद्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड महाअभियान के दौरान लगभग 6700 राशन कार्ड धारी सदस्यों का ई-केवाईसी किया। प्रशासन द्वारा आयोजित आयुष्मान कार्ड महाअभियान शिविर के लिए आमजनों ने आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महाअभियान शिविर में जिले के सातों विकासखंड और बस्तर नगर पंचायत में आयोजित शिविर में 25256 लोगों का कार्ड बनाया गया। दो दिनों में बकावण्ड में 4670, बास्तानार में 1057, बस्तर में 7616, जगदलपुर (ग्रामीण) 3743, दरभा में 2979, लोहांडीगुड़ा में 2521, तोकापाल में 2569 और बस्तर नगर पंचायत में 101 में बनाया गया है। महाअभियान में एनआरएलएम अंतर्गत समस्त महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य, मनरेगा जॉब कार्डधारी समस्त हितग्राही व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य तथा समस्त मितानिन व उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करवाने के लिए कहा गया था। इसके अलावा अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और बीसी सखी के द्वारा ग्राम पंचायतों में पंजीयन सम्बन्धी कार्यवाही की गई। रिपोर्टिंग व पर्यवेक्षण का कार्य सम्बंधित क्षेत्र के आरएमए एवं सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 50 हजार रुपए तथा बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 05 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है।

एक नजर

सेवानिवृत्ति पर वनपाल ने लोगों का जताया आभार

सुकमा, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वन विभाग अधिकारी/कर्मचारी 31 मई को मेरी सेवा अवधि पूर्ण होने पर वनपाल सेवाएं जिला सुकमा के पद से मुक्त हो रहा हूँ मेरे सेवा काल के दौरान दिए गए दायित्वों को पूर्ण करने मे जिला प्रशासन तथा वन विभाग के अधिकारीयों/कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा है आप लोगो का साथ मेरे लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा कार्यकाल के दौरान मेरे व्यवहार या वाणी से किसी को भी आहत पहुंची हो तो इसके लिए मै क्षमा प्रार्थी हूँ और समय-समय पर सहयोग और साथ के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

इंदिरा प्रियदर्शनीय स्टेडियम में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 6 तक

जगदलपुर, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफएक्सीलेंस बिलासपुर अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक के बालक-बालिका की आवासीय खेल अकादमी एवं राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी संचालित है। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के निर्देशानुसार आवासीय अकादमी में सत्र 2024-25 के लिए नवीन खिलाडियों के प्रदेश हेतु 05 एवं 06 जून 2024 को तीरंदाजी एवं 07 एवं 08 जून 2024 हॉकी तथा एथलेटिक एवं कबड्डी का ट्रायल स्व. बी. आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित है। खेल विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि चयन ट्रायल में 13 से 17 आयु वर्ग के भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 01 जून 2024 को संध्या 04रू30 बजे इंदिरा प्रियदर्शनीय स्टेडियम फुटबॉल ग्राऊण्ड में वेद प्रकाश सोनी मो. 7999155131, कोटेश्वर नायडू मो. 9407927401, गजेन्द्र शर्मा 6268566335, से संपर्क कर चयन परीक्षण में भाग ले सकते है। चयनित हॉकी, तीरंदाजी, एथलेटिक एवं कबड्डी (बालिका) 4-4 खिलाड़ियों की सूची खेल कार्यालय द्वारा बिलासपुर-रायपुर को प्रेषित की जाएगी, ताकि खिलाड़ियों की आवास एवं भोजन व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जा सके।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर स्थगित

जगदलपुर, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राज्य में भीषण गर्मी के कारण ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को स्थागित कर दिया गया है। खेल विभाग द्वारा जगदलपुर में 16 मई से शहर के विभिन्न खेल मैदानो में हॉकी, वालीबाल, बास्केटबाल, हेण्डबाल, फुटबाल, बैडमिंटन जुडो शतरंज, स्केटिंग खेलो के 21 दिवसीय ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को आज दिनांक से स्थागित किया जाता है। खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र एवं अकादमी बिलासपुर के लिए आयोजित चयन ट्रायल को भी भीषण गर्मी के कारण आगामी तिथि तक स्थागित किया गया है।

सेवानिवृत्त हो रहे 22 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

सेवानिवृत्त हो रहे सेवकों को माह के अंतिम दिन पीपीओ जारी करने के प्रयास को संभाग व राज्य स्तर पर मिल रही सराहना : कलेक्टर

■ सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव का सदुपयोग समाज के लिए करें : विजय दयाराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 2 जून। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे सेवकों को माह के अंतिम दिन पीपीओ जारी करने की प्रयास को संभाग और राज्य स्तर पर सराहना मिल रहा। सेवानिवृत्ति के अंतिम दिन लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वो का भुगतान किया जाना है। उन्होंने कहा कि लम्बी अवधि तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव और सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें। सभी शासकीय सेवकों ने नौकरी के दौरान खुद के लिए परिवार और समाज के लिए समय नहीं निकाल पाए होंगे वे सेवानिवृत्त होकर स्वयं एवं परिवार और समाज के लिये समय दें।

कलेक्टर ने कहा कि पदीय दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत हो रहे शासकीय सेवकों को सम्मान देने का अवसर मिला यह गर्व का पल है बुजुर्ग साथी हमें आशीर्वाद दें। शासन-प्रशासन ने जिले के सभी विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों का ज्यादा से ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण का प्रयास कोषालय और कोष लेखा पेंशन कार्यालय ने किया। लगातार ग्यारह माह में प्रशासन ने 600 से अधिक पेंशन प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी करने का कार्य किया गया। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की।

कलेक्टर ने गुरुवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में माह मई में सेवानिवृत्त हुए 43 शासकीय सेवकों में से 22 को सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शाल.श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी ने बताया कि इस माह 43 शासकीय सेवकों में से 22 को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष का आवश्यक कागजी कार्यवाही के बाद जल्द पीपीओ जारी किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यालय संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन से संयुक्त संचालक कमलेश रायस्त सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी.कर्मचारी और सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवक मौजूद थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति हो रहे शासकीय सेवकों ने अपने अनुभव को साझा किया।

चिन्तलनार में लगा आधार शिविर का कैम्प

ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के जगह किया जा रहा है परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 2 जून। सुकमा जिले के चिन्तलनार में 29 मई से तक आधार कार्ड राशनकार्ड व अन्य कार्य को लेकर आधार शिविर का आयोजित कार्यक्रम किया गया लेकिन आधार शिविर के नाम पर कैम्प तो लगा लेकिन ग्रामीणों का सुविधा नही मिला आधारकार्ड राशनकार्ड बनाने के लिए मात्र 2 काउंटर लगाया गया था कड़ी धूप में दूर दूर से आये ग्रामीण क्षेत्रों से भूखे प्यासे लाइन लगा कर खड़े रहे फिर भी नही बन सका आधार कार्ड राशनकार्ड आपको बता दें कि चिन्तलनार में आधार शिविर लगाया गया है जहाँ सुरपनगुड़ा, मोरपल्ली, मिलमपल्ली, जैसे दूर पंचायत से तीन दिन से लगातार आधार शिविर में दौड़ लगा रहे है इतनी कड़ी धूप में भूखे प्यासे फिर भी नही बन सका आधार कार्ड राशनकार्ड, ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन से लगतार दौड़ रहे हैं लेकिन दो काउंटर लगने के वजह से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यहाँ आधार शिविर में कोई अधिकारी नही आ रहे हैं सिर्फ सचिव आया था लेकिन सचिव भी अपने खास लोगो को जल्दी से काउंटर से कह कर बनवा दे रहा है चाहे आधार कार्ड हो या राशनकार्ड वही जो बाकी ग्रामीण लोग हैं उनका नही बन पा रहा है जब कि ग्रामीणों के अंदर बहुत ज्यादा खुशी का माहौल बना हुआ था कि हमारे गांवो में आधार का शिविर लगाया गया है ग्रामीणों का कहना था कि सरकार का योजनाओं से व आधार शिविर लगाने से ग्रामीण जनता बहुत खुश हैं लेकिन आधार शिविर हो या सरकारी योजना ये सिर्फ गिनी चुनी लोगो को ही लाभ मिलता है अधिकारिय व सचिव के मिली भगत से बाकी ग्रामीणों को निराश होकर घर वापस लौटना पड़ता हैं।

कोरबा क्षेत्र की खुली खदानों में सुरक्षा मापदंड का पालन नही

कोरबा, 2 जून। एसईसीएल की दीपका, गेवरा, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के खुली खदानों में सुरक्षा मापदंड का पालन नही किए जाने की ऊजाधिनी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने निदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद को शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। अपने शिकायत में ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने कहा कि जिले में लगभग 60 वर्ष पूर्व से कोयला खदाने संचालित है और समय -समय पर भू- अर्जन से संबंधित अधिनियमों में बदलाव जिसमे कोल इंडिया पालिसी 2012 लागू होने के बाद से ग्रामीणों- भू- विस्थापितों के साथ प्रबंधन का आपसी संबंध लगातार बिगड़ता गया है। प्रबंधन अपने खनन क्षेत्र से प्रभावित इलाकों में सीएसआर के तहत दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखती है। भूमि अधिग्रहण के एवज में दी जाने वाली रोजगार, बसाहट और मुआवजा राशि के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। लगभग 20 वर्ष पूर्व अर्जित भूमि के एवज में उक्त सुविधा प्रदान नही किए जाने से नाराज भूविस्थापित, स्थानीय बेरोजगार अपनी मांगों को लेकर आए दिन खदानों में उतरकर उत्पादन बाधित करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। कोल माइनिंग रेगुलेशन 2017 के धारा 196 में उल्लेखित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और आमजनों की जान माल की सुरक्षा की अनदेखी हो रही है। कोयला उत्खनन व उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने के लिए नियमों को ताक में रखा जा रहा है। गांवों में स्थित मकानों और रिहायशी इलाकों तक खदान का विस्तार कर लिया गया है। ब्लास्टिंग के कारण घरों में पत्थर गिरने से जख्मी होना, मकानों में दरार आना व छत का गिरना, हैंडपंप, बोर का धंसकने जैसी घटनाएं आम हो चुकी है। खदान विस्तार से पूर्व प्रभावित ग्रामों को बिना हटाए जबरदस्ती खनन कार्य हो रहा है। समिति ने कहा कि कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय गांव के नजदीक खनन कार्य को बंद कराने और डीजीएमएस की विशेषज्ञ टीम से मौके की जांच कराने की मांग की गई है।

जिले में 15 जून तक चलाया जा रहा मोतियाबिंद मुक्त अभियान

तीसरे चरण में अब तक 69 मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 2 जून। कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार बस्तर जिले में मोतियाबिंद मुक्त अभियान कार्यक्रम का तीसरा चरण 15 मई से 15 जून 2024 तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें अब तक सभी विकासखण्डों में 749 मोतियाबिन्द मरीजों की सर्वे कर पुष्टीकरण की गई है। उक्त चिन्हित मरीजों में से 69 मोतियाबिन्द मरीजों का सफलतापूर्वक निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया गया है। वर्तमान में चिन्हित अन्य सभी मरीजों को लाभान्वित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि राज्य स्तर से गत वर्ष जिले को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 4500 का लक्ष्य आबंटित किया गया था, जिसके विरुद्ध 4198 मरीजों का ऑपरेशन कर उन्हें लाभान्वित किया गया। कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिले में अब पुनः मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुर्वेदी ने इस सम्बंध में बताया कि कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ ही नेत्र चिकित्सा के लिए स्थापित विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में किये गए सघन सर्वे अभियान की तरह पुनः सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिपोंटिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में आपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिये गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने हेतु निःशुल्क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के द्वारा वर्ष 2023-24 में बस्तर जिला को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु निर्देश दिया गया था। उक्त परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर बस्तर के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे मोतियाबिन्द मुक्त अभियान कार्यक्रम में कुल 4198 मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया गया है। इस हेतु संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बस्तर बनाने के लिए सत्यापन सम्बन्धी प्रस्ताव भेजा गया है। सीएमएचओ डॉ.चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा मोतियाबिन्द मुक्त कार्यक्रम की नियमित समीक्षा कर प्रभावी कियान्वयन हेतु सतत मार्गदर्शन प्रदान करने के फलस्वरूप बस्तर जिला अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा है। कार्ययोजना अनुसार जिले के दुर्गम एवं दूरस्थ ईलाके के लोगों को सेवाएं सर्वप्रथम मिले इसकी हमेशा कोशिश कर संबंधित क्षेत्र के मरीजों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने जानकारी में बताया कि इसी तरह विगत कुछ वर्षो से पूरे राज्य में मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु बस्तर जिला प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहा है, जिसमें बस्तर जिले को मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित भी किया गया है। उक्त प्रोत्साहन से जिले के अधिकारी-कर्मचारियों और स्वास्थ्य अमले में उत्साह का संचार हुआ है जिससे निकट भविष्य में मोतियाबिंद मुक्त अभियान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सकारात्मक प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

समाचार संक्षेप

बिजली विभाग का अपने कर्मचारियों पर कंट्रोल नहीं

सुकमा, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुकमा में 28 मई की रात्रि 9 बजे बिजली के एक फेस में फाल्ट आया जिसे अभी तक सुधारा नहीं जा सका। कर्मचारियों पर लगाम नहीं होने के कारण भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। कंट्रोल रूम में फोन लगाने पर संपर्क नहीं हो पाता। समस्या सुकमा से चार किलोमीटर दूर कुम्हाररास की है। रात्रि में उपभोक्ताओं ने कुम्हाररास पावर स्टेशन में जमे रहे। कार्यपालन अभियंता को फोन लगाने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। सुबह होने पर भी लाइन नहीं सुधारी गई। भीषण गर्मी से लोग परेशान होते रहे। विदित हो कि विभाग का कर्मचारियों पर लगाम नहीं है। 16 घंटे बाद भी फाल्ट पकड़ में नहीं आना समझ से परे है। कुम्हाररास सुकमा का बड़ा क्षेत्र है।

पहुंच विहीन इलाके में जाकर हितग्राहियों को कर रहे लाभान्वित

सुकमा, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सुकमा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगातार अपने सेवाओं को हर हितग्राही तक पहुंचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है दुर्गम तथा पहुंच विहीन इलाके में जाकर हितग्राहियों को लाभान्वित कर रहे हैं सेवाओं के गुणवत्ता सुधार हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है इसी क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सही वज़न और ऊंचाई लेने का प्रशिक्षण का आयोजन केरलापाल और फूलबगडी सेक्टर में किया गया, फील्ड में जाकर उच्च अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा द्वारा आज सुकमा सेक्टर के कुछ आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया और रूमीनगर, गांधीनगर और अस्पतालपारा के कार्यकर्ताओं द्वारा सही वज़न तथा ऊंचाई का रिकॉर्ड नही रखने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

गर्मी से पाली में 30 से अधिक चमगादड़ों की मौत

कोरबा, 2 जून। नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। इंसानों के साथ बेजुबानों की जान पर भी खतरा मंडराने लगा है। पाली क्षेत्र में हीट स्ट्रोक से 30 से अधिक चमगादड़ों की मौत हो गई है। पेड़ के नीचे व तालाब किनारे चमगादड़ मृत पड़े देखे गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। एक साथ बड़ी संख्या में हुई चमगादड़ों की मौत के बाद वन विभाग के अफसर हरकत में आए। मृत चमगादड़ों की पीएम की प्रक्रिया के अलावा पक्षियों के बचाव को लेकर उपाये किए जा रहे है। इस गर्मी से पाली क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा है। क्षेत्र में भी तापमान विगत कुछ दिन से 45 डिग्री के आसपास स्थिर है। जिससे चमगादड़ों की शामत आ गई है। भीषण गर्मी के कारण हीट बड़ी संख्या में ये बेजुबान जीव बेमौत मारे जा रहे हैं। पाली ब्लाक में अभी भी काफी हरियाली है और अधिकांश आबादी वनांचल में निवास करती है। यही कारण है कि यहां वन्य जीव और वन संपदा, हरियाली भरपूर है। जहां विभिन्न प्रजाति के पशु पक्षी रहवास करते हैं। गांव के बाहर तालाबों के किनारों पर वृक्षों की कतार दिख जाएगी। जिसमें विशेष कर विविध पक्षियों का बसेरा-डेरा रहता है। विकासखंड पाली मुख्यालय सहित कुछ गांव में बड़ी संख्या में तालाब के किनारे के पेड़ों पर चमगादड़ दिख जाते हैं। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी चपेट का असर इन पर दिखने लगा है। यह ही है। स्तनधारी जीव 45 डिग्री तापमान को सहन नहीं कर पा रहे और पेड़ों से फल की तरह अधमरे पक्षी नीचे टपक रहे हैं। परसदा गांव के हनुमान तालाब के तट पर बरसों से चमगादड़ों का बसेरा है। यहां भी चमगादड़ तेज गर्मी से हीटस्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं और बड़ी संख्या में मौत हो रही है। कुछ ऐसा ही हाल पाली का भी है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह शाम जब सैकड़ो की संख्या में चमगादड़ तालाब के उपर उड़ान भरते थे तो आसमान छा जाता था। इनका कलरव इस साल बार सुनाई नहीं दे रहा है। तालाब की सफाई कार्य के कारण पानी निकालने से इनकी संख्या में अभूतपूर्व कमी दिख रही है। पाली क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में चमगादड़ों की मौत के बाद वन विभाग के अफसर गांव पहुंचे। जहां मृत चमगादड़ों को एकत्र किया गया। रविवार को पशु चिकित्सक चमगादड़ों के शव का पोस्टमार्टम करेंगे। पोस्टमार्टम उपरांत मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

कालोनी की समस्याओं का निरीक्षण करने दो दल गठित

कोरबा, 2 जून। एसईसीएल कोरबा-पूर्व में वेलफेयर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कालोनी की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा बरसात से पहले कालोनी का निरीक्षण करने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए दो अलग-अलग गठित दल कालोनी का निरीक्षण करेंगे। कोरबा-पूर्व में सुभाष राठौर, शैलेंद्र सिंह, एस. मूर्ति, सुनील कैवर्त सहित अन्य सदस्य निरीक्षण करेंगे। जबकि दूसरे दल में राजेश साहू, वीरभान पटेल, गौतम चटर्जी सहित अन्य सदस्य हैं। ये दोनों दल कालोनी में अधिकारियों के साथ निरीक्षण करेंगे। इसके बाद एक रिपोर्ट बनाकर प्रबंधन को सौंपा जाएगा। इसी तरह केंद्रीय कर्मशाला की वेलफेयर टीम ने भी कालोनी का निरीक्षण किया है। ०००

एक नजर

माओवादियों की कायराना करतूत

बीजापुर 2 जून। माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर एक ग्रामीण हुआ गंभीर रूप से घायल। घायल ग्रामीण का दाहिना पैर हुआ बुरी तरह क्षतिग्रस्त, बाये पैर में भी आई चोंट। ग्रामीण माड़वी नन्दा पिता भीमा माड़वी उम्र 22 वर्ष ग्राम छुटवाई स्कूलपारा का निवासी है जो दिनांक 02.06.2024 को अपने नीजि ट्रेक्टर से काम से तर्रेम की ओर आ रहा था। छुटवाई और गुण्डम के मध्य तोयानाला के पास ट्रेक्टर रोकर कर रोड किनारे पेशाब के लिये गया जहां माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आने से ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया तोयानाला के पास सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जहां जवानों के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है, माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुचाने की नीयत से लगाई गई थी। कैम्प चिन्नागेलुर में जवानों को सूचना मिलने पर त्वरित उपचार हेतु कैम्प लाकर घायल ग्रामीण का उपचार किया गया।

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष बनी सरोज गर्ग

पत्थलगांव 2 जून। अग्रवाल महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का शुक्रवार को गठन किया गया,जिसमे सर्वसम्मति से सरोज सुनील गर्ग को आगामी वर्ष के लिए अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष के लिए चुना गया है। उन्होने इस मौके पर सभी महिला सदस्यों का आभार जताया,उनका कहना था कि वे समाज का उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। बेटी बचाओ बेटी पढाओ के नारे पर महिला मंडल काम करेगी। उनका कहना था कि बेटी एवं बहुओ की मर्यादा के साथ समाज मे उनके स्थान पर ध्यानाकर्षित किया जायेगा। शादियों मे होने वाले फिजूल खर्चो पर भी रोक लगाने की पहल की जायेगी। दिन शुक्रंवार को अग्रसेन भवन मे अग्रवाल महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

आकलंका के ग्रामीणों की शिकायत बेहद गंभीर इसकी निष्पक्ष जांच हो:विक्रम मंडावी

प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार आदिवासियों का आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 2 जून। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने शनिवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि कुटरू तहसील के ग्राम आकलंका के ग्रामीणों से शिकायत मिली है कि कुटरू के तहसीलदार विरेंद्र श्रीवास्तव ने वन भूमि पट्टा देने के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 1200-1200 (एक हजार दो सौ रूपये) लिया है। ग्रामीणों के अनुसार कुटरू तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अल्चेली के आश्रित ग्राम आकलंका के कुल 80 ग्रामीणो को वन भूमि पट्टा देने के नाम पर कुल 80 गमीणों से 96,000=00 (छियानबे) हजार रूपये की वसूली तहसीलदार कुटरू विरेंद्र श्रीवास्तव ने किया है। ग्रामीण जब भी तहसीलदर से वनभूमि पट्टा देने की मांग करने तहसील कार्यालय कुटरू जाते है तो तहसीलदार ग्रामीणों को डरा-धमका कर वापस भेज देता है।तहसीलदार के इस कृत्य से ग्रामीण आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। तहसीलदार कुटरू का यह कृत्य सीधे भ्रष्टाचार है। तहसीलदार कुटरू विरेंद्र श्रीवास्तव ने कुटरू के आकलंका गांव के आदिवासियों से वनभूमि पट्टा देने के नाम पर 1200-1200 रूपये लेकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने पाँच माह हो रहे है तब से प्रदेश में लगातार आदिवासियों का आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। कुटरू जैसे आदिवासी क्षेत्र में कुटरू तहसीलदार विरेंद्र श्रीवास्तव का यह कृत्य निश्चित ही गंभीर है। ग्राम आकलंका के ग्रामीणों से कुटरू तहसीलदार का वन भूमि पट्टा देने के नाम पर 1200-1200 (एक हजार दो सौ) रुपये प्रत्येक व्यक्ति से लेने का आरोप बेहद गंभीर और संवेदनशील है। यह भ्रष्टाचार है। तहसीलदार कुटरू विरेंद्र श्रीवास्तव द्वारा ग्रामीणों से वनभूमि पट्टे के लिए रुपये लिये जाने के आरोप की निष्पक्ष जांच हो और ग्रामीणों के वनभूमि पट्टा और उनके रुपये वापस लौटाया जाए और दोषी पाये जाने पर तहसीलदार कुटरू के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्यवाही करें। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेसवार्ता में यह भी कहा है कि तहसीलदार कुटरु के खिलाफ जांच और कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में ग्रामीणों को न्याय मिलने तक कांग्रेस पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस पूरे मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों संग कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपा है। प्रेस वार्ता के दौरान ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, सोमारु कश्यप, कमलेश कारम, कांग्रेस कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, बब्बू राठी के अलावा बड़ी संख्या में कुटरू क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने नगर सेना की पूरी टीम के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 2 जून। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में नगर सेना बीजापुर के सैनिकों ने आगामी बरसात में संभावित बाढ़ एवं आपदा से बचाव के लिए कोतापाल तालाब में मॉकड्रिल कर परीक्षण किया। बाढ़ एवं संकट में फंसे किसी व्यक्ति को कैसे बचाया जाये, इसका जीवंत प्रदर्शन उपस्थित लोगों के बीच किया गया। ताकि वास्तविक संकट के हालात से सामना होने पर किसी प्रकार के चूक की गुंजाइश न हो। बचाव में काम आने वाली बोट, 3 एचडीपीई बोट, 1 रबर बोट सहित अन्य बोट सभी उपकरण सही एवं चालू हालत में पाए गये। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने नगर सेना की टीम को मॉक ड्रिल का बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके साहसिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए हौसला आफजाई किया। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने टीम को संबोधित करते हुए कहा कि बाढ़ आपदा एवं संकट की स्थिति में रेस्क्यू अभियान के दौरान स्वयं को भी सुरक्षित रखकर सफल ऑपरेशन कर लोगों की जिंदगी बचाने के लिए तत्पर रहने की समझाइस दी। साथ ही घरेलू वस्तुओं से बाढ़ आपदा के समय अपने साथ दूसरों को कैसे बताये इसकी जानकारी दी गयी।

इस दौरान बाढ़ आपदा प्रबंधन प्रभारी संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा ने बाढ़ एवं आपदा से सबंधित जानकारी का जायजा लिया।

जिला सेनानी नगर सेना श्री एन एस नेताम के नेतृत्व में मॉकड्रिल की कार्रवाई आज सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि बरसात का सीजन शुरू होने के पूर्व संभावित आपदा को ध्यान में रखते हुए यह मॉकड्रिल किया गया तथा बाढ़ आपदा के समय काम आने वाले उपकरणों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। श्री नेताम ने बताया कि बाढ़ बचाव दल में 30 सदस्यों की टीम चौबीसों घण्टे आपदा से निपटने के लिए तैयार रहती है। नगर सेना, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा एवं एसडीआरएफ तथा जिला प्रशासन के आदेश एवं निर्देशन में यह बाढ़ बचाव टीम हमेशा तैयार रहती है। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, एसडीएम उसूर, तहसीलदार बीजापुर श्री डीआर ध्रुव सहित जिला प्रशासन, नगर सेना एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल महिला चैंपियनशिप के लिए टीम पंजाब रवाना

बीजापुर 2 जून। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के 3 महिला सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों का चयन शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की टीम से हुआ है उक्त प्रतियोगिता पंजाब के फगवाड़ा में लववली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 4 से 8 जून तक आयोजित होगी जिसमें बीजापुर जिले के शासकीय वेंकटराव कॉलेज के 3 खिलाड़ी ज्योति हेमला रेणुका उद्दे ,कविता हेमला और दंतेवाड़ा शासकीय महेंद्र कर्मा महाविद्यालय से मांडवी शांति, भुक्मी मौर्य,साम कती दुर्गेश्वरी, भारती कुंजाम ममता, धृतिण निषाद, पुनम भारती, प्रीति पटेल शामिल है वही युनिवर्सिटी टीम के मैनेजर शासकीय दंतेवाड़ा कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर श्री मारूति नंदन मरकाम है। पहली बार बस्तर यूनिवर्सिटी की महिला सॉफ्टबॉल टीम यूनिवर्सिटी गेम्स में खेलने जाएंगे वहीं जिला के कलेक्टर श्री अनुराग पांडे सर और जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सर प्रभारी खेल अधिकारी कॉलेज के प्राचार्य खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाइयां दी है वही खिलाड़ियों के साथ जिले के श्रम निरीक्षक एवं बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के अंतरराष्ट्रीय कोच सोपान कर्णेवार भी मौजूद थे जिन्हो ने समस्त जानकारी दी।

बसंतपुर पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव 2 जून। आरोपी गोलू कुमार ढीमर के द्वारा अपने साथी शरद यादव को अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 08 ए यू 6038 से शराब लेने मोहरा शराब भठठी भेजा गया था उनकी साथी द्वारा शराब लेकर वापस रोड पर आने पर से थाना बसंतपुर पुलिस स्टाफ द्वारा शरद यादव को शराब एंव एक्टीवा सहित पकडकर कार्यवाही की गई थी शरद यादव द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन मे बताया था कि गोलू ढीमर द्वारा मुझे शराब बिक्री करने के लिए अपनी एक्टीवा देकर शराब लाने मोहरा शराब भठठी भेजा था । उक्त मामले मे आरोपी शरद यादव को गिर0 कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था तथा घटना दिनांक से आरोपी गोलू कुमार ढीमर फरार चल रहा था कि, श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे शीघ्र गिरफतारी की कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर सायबर सेल की टीम एंव थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था जिसे आज दिनांक को मुखबीर की सूचना के आधार आरोपी ङ्क गोलू कुमार ढीमर पिता देवनाथ ढीमर उम्र 28 वर्ष निवासी बांसपाई पारा वार्ड क्र0 41 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को पकडकर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा घटना दिनांक को गिर0 शरदा यादव से शराब बिक्री करने के लिए अपनी एक्टीवा देकर शराब लाने मोहरा शराब भठठी भेजा था एंव घटना मे सम्मिलित स्वीकार किया गया जिसे धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया उक्त् कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन ,सायबर सेल की टीम एंव थाना बसंतपुर स्टाफ सउनि गोवर्धन देशमुख , बी 9 पेट्रेलिंग आर0 प्रवीण मेश्राम की भूमिका सराहनीय रही।

भोर होते ही चार घंटे तक शहर की बाधित रही विद्युत आपूर्ति, घर के बाहर सड़क पर निकले लोग

पत्थलगांव 2 जून। बिजली की आंख मिचौली कम होने का नाम नही ले रही है। पिछले एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति को लेकर शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोगो मे भी अच्छा खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। विद्युत विभाग के लोगो की तमाम कोशिशो के बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नही हो पा रही। 24 घंटे के अंतराल मे 20 से भी अधिक बार बिजली गोल हो रही है,लो वोल्टेज की समस्या के कारण गर्मी दूर करने वाले संसाधन बेकार हो चुके है। इधर आसमान से मानो आग गिर रही हो,पिछले पांच दिनो से शहर के तापमान 46 डिग्री के आस-पास पहुंच रहा है,ऐसे मे भरी दोपहरी एवं रात के सोने के दौरान कई-कई घंटे तक बिजली बंद होने से अब शहर के लोग प्रशासनिक अव्यवस्था का नाम देने लगे है। आज सुबह भोर होते ही पांच बजे बिजली बंद हो गयी,जिसके कारण लोग गर्मी से बेचैन होकर सडको पर उतर आये। सुबह 5 बजे गोल हुयी बिजली 8.30 बजे वापस आयी तब जाकर लोगो ने राहत की सांस ली। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 11 के.व्ही पावर स्टेशन मे सुबह के दौरान पैनल फट्टने से कई घंटो तक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी थी,विद्युत विभाग के कर्मचारीयों ने सुबह से कडी मशक्कत कर पैनल का सुधार कार्य पूरा किया गया। बताया जाता है कि अत्यधिक भार क्षमता एवं गर्मी के कारण विद्युत पैनल फट्ट गया था,जिसके कारण 4 घंटे से भी अधिक तक पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप्प पडी थी।

तालाब में पानी कम होने से मर गईं हजारों मछलियां

पत्थलगांव 2 जून। शहर के पुरन तालाब मे एक साथ हजारो मछलियां मर गयी। वार्डवासीयों ने जब तालाब किनारे मछलियों को मरी अवस्था मे देखा तो उन्होने अपने तरीके से ग्राम पंचायत मे इस बात की सूचना दी,परंतु ग्राम पंचायत मे मछलियों के मरने का कारण जानने मे जरा भी दिलचस्पी नही दिखायी,इस संबंध मे जब मत्सय निरीक्षक श्रीमती हितेश साहु से बात की गयी तो उनका कहना था कि अक्सर गर्मी के दिनो मे तालाब का जल स्तर कम हो जाता है,जल स्तर कम होने से ऑक्सीजन की भी कमी होती है। उनका कहना था कि मछलियों की शारीरिक गतिविधिया काफी अधिक होती है,जिसके कारण उन्हे अधिक जल भराव की जरूरत होती है। तालाब का पानी कम होने एवं उसमे मछलियों की संख्या ज्यादा होने के कारण ऑक्सीजन कम होजाती है,जिसके कारण अनेक बार मछलियां मर जाती है। इधर मौहल्ले मे हजारो मछलियों का एक साथ मरने को लेकर चर्चा व्याप्त थी,मौहल्ले वालो द्वारा जल प्रदुषित होने की बात कही जा रही थी,अब यह जांच का विषय है कि आखिर हजारो की संख्या मे मछलियों ने किस कारण दम तोड दिया। इधर मरी मछलियों की साफसफाई से नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत ने भी पल्ला झाडा हुआ है। महुआटिकरा के निवासीयों के अनुसार मरी मछलियों को तालाब से बाहर निकालने के लिए जब नगर पंचायत को इस बात की सूचना दी गयी तो उन्होने ग्राम पंचायत का तालाब रहने का हवाला देकर पल्ला झाड लिया। उधर अब तक ग्राम पचांयत ने भी मृत मछलियों को तालाब से बाहर निकालने की कोई पहल नही की है।

शराब ने फिर छीन लिया एक परिवार से पिता का सहारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 2 जून। थाना डोंगरगांव 1 जून को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन मे उपनिरी निरीक्षक श्री लभाराम ध्रुव के नेतृत्व मे दिनाक 31.05.2024 को ग्राम हालादुला से मिले मर्ग सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम गठित करते हुए उपनिरी निरीक्षक श्री लभाराम ध्रुव के नेतृत्व में मौके पर पहुंच कर जांच किया , पंचनामा करवाही कर प्रार्थिया के रिपोर्ट पर धारा सदर की अप0 कायम कर विवेचना में लिया गया , विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश कर पूछताछ किया पूछताछ पर पाया गया की आरोपी अपने परिवार में दो भाई एक बहन व माता पिता है ,छोटे भाई और पिता जी अलग अलग बोर खनन काम पर जाते है जो लगभग 15 दिन से 1 महीना में घर आता रहता था , इनके पिता जी शराब सेवन करने की आदि था व शराब के नशे के हालत में पूरे परिवार वालो से वाद विवाद कर लड़ाई झगड़ा करता था जिससे पूरा परिवार काफी परेशान रहता था घटना दिनांक को भी शेषलाल नशे के हालत में घर में सोया हुवा था परिवार वालो के द्वारा नैतिकता से खाना खाने के लिए उठाने पर उठकर नशे के हालत में अपना पैसा दो कहकर अपनी पत्नी मीना बाई को वाद विवाद कर घर के कोठा मे रखे लोहे के टांगिया से मांरने लगा तब आरोपी जितेंद्र नेताम पिता स्व0शेषलाल नेताम उम्र 20 साल ग्राम हालाडूला थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव के द्वारा उनकी माता से मारपीट न करने की समझाइश दिया जो न मानते हुए पुनः मारपीट करने लगे तब आरोपी के द्वारा लोहे की टांगिया को छीनकर शेषलाल नेताम के सिर में प्राण घातक हमला किया तीन बार हमला करने के बाद शेषलाल नेताम के सिर से खून निकलने लगा शेषलाल नेताम जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर मृत्यु हो गया ।

सड़क दुर्घटना में पीड़ित, घायलों की मदद करेगा सड़क सुरक्षा मितान

राजनांदगांव 2 जून। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं यातायात टीम राजनांदगांव द्वारा अत्यधिक सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना में पीड़ित/घायलो की मदद करने स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा मितान के रूप में गठन किया गया है, जो तत्काल पीड़ितों को प्राथमिक उपचार सुविधा मुहैया करायेंगे या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल में उचित मेडिकल उपचार हेतु भर्ती करने में मदद करेगें। सड़क सुरक्षा मितानों को पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा प्रदाय कैप, बैच एवं पॉकेट डायरी एवं यातायात जागरूकता संबंधित बुक वितरण कर पीड़ित/घायलों का प्राथमिक उपचार एवं नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/अस्पताल में तत्काल भर्ती कराने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। सभी सड़क सुरक्षा मितानों को टोल फ्री नंबर-112, 108 एवं पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9479192199 एवं यातायात प्रभारी का शासकीय मोबाईल नंबर- 9479192109 के बारे में बताया गया एवं आपातकालीन स्थिति में इस नंबर पर तत्काल संपर्क कर पीड़ितों को उचित सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बताया गया। यातायात पुलिस की आम जनता से अपील है कि अपने आसपास होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित/घायलों की मदद करें एवं लोगो की जान बचाये।

प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 2 जून। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर द्वारा आगामी मानसून 2024 में प्राकृति आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था हेतु बुधवार को आयोजित बैठक में नामजद अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए निर्देश दिए। जिसके अर्न्तगत प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख बीजापुर एवं समस्त तहसीलदार को समस्त वर्षामापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करने को कहा। जिन तहसीलो में वर्षामापक यंत्र नही लगाये गये हैं, वहां वर्षामापक यंत्र तत्काल स्थापित करने, नवगठित तहसीलों में वर्षामापक यंत्र स्थापित करने। इसी तरह प्रभारी अधिकारी राहत शाखा बीजापुर एवं समस्त तहसीलदार, सहायक संचालक जनसंपर्क अधिकारी बीजापुर को जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दूरभाष नंबर राहत आयुक्त कार्यालय को देना सुनिश्चित करें। उक्त कन्ट्रोल रूम 01 जून 2024 से लेकर मानसून के विदा होने तक 24 घंटा कार्य करेगा तथा कन्ट्रोल रूम की जानकारी सभी ग्राम पंचायतों तथा आम नागरिकों को भी उपलब्ध कराये एवं इसका प्रचार स्थानीय समाचार पत्रों, आकशवाणी व दूरदर्शन में भी कराएं सूचना पटल पर भी दर्शित करने। जिला खाद्य अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर को पहुंचविहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नही होगा वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दावाईयां आदि नियमानुसार संग्रहित करें और हितग्राहियों को यथा समय उपलब्धता सुनिश्चित करावे। बारिश में होने वाले बीमारियों के लिए अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों एवं उपचार की उचित व्यवस्था करने की निर्देश दिए गए हैं। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीजापुर को पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता के दृष्टिगत कुंओं, हैण्डपंप आदि के लिए ब्लीचिंग पावडर आदि की व्यवस्था संबंधित विभागों के माध्यम से सुनिश्चित की जावे।

समस्त तहसीलदार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिला सेनानी नगर सेना बीजापुर को ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर ली जावे जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है, इन क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने की विषेश व्यवस्था की जावे एवं ऐसे क्षेत्र के लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उनको ठहराने के लिए राहत कैम्प आदि की सम्पूर्ण योजना तैयार कर ली जावे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बीजापुर एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम को नगरीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति प्रायः नाले व नालियों के अवरूद्ध हो जाने के कारण होती है अतः यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि संबंधित नगर निगम, नगर पालिकाओं द्वारा वर्षा पूर्व शहर के तमाम नालों-नालियों की सफाई पूर्ण कर ली जाए। शहरों के भीतर बाढ़ वाले क्षेत्रों में पोर्टेबल डिवाटरिंग पंपों की व्यवस्था की जाए। असुरक्षित पेड़ों की कटाई करना और सूचना पट्ट होर्डिंग हटाना, सुरक्षित करना सुनिश्चित किया जाये। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बीजापुर एवं समस्त तहसीलदार को जिन जिलों में बड़ी नदी बहती है वे जिले नदी के जलस्तर पर बराबर नजर रखें और जलस्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था करें तथा तत्काल सुरक्षा उपाय करें। जल संसाधन विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए। जलाशयों से जल छोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जाये। जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास किये जायें ताकि बाढ़ की स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके तथा बांधों का जलस्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घण्टे पूर्व सूचना दी जावे। जल संसाधन विभाग को सुस्पष्ट जिम्मेदारी प्रत्येक जलाशल के संबंध में दी जाए। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (रा), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर, समस्त तहसीलदार, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत को बाढ़ से बचाव और राहत गतिविधियों में शामिल प्रथम उत्तरदाताओं और कर्मचारियों को पर्याप्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनने चाहिए। इसलिए राज्य सरकारों को आपदा प्रबंधन उद्देश्यों के लिए आवश्यक उपकरणों का आंकलन करना चाहिए। शारीरिक-सामाजिक दूरी को बनाए रखने की आवश्यकता के कारण, खाली किये गये प्रभावित लोगों को समायोजित करने हेतु चक्रवात/बाढ़ राहत शिविरों की क्षमता में काफी कमी आएगी। इसे ध्यान में रखते हुए चक्रवात/बाढ़ आश्रयों की क्षमता को फिर से संगठित करने की आवश्यकता है और लोगों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त आश्रयों और राहत शिविरों की पहचान करने की आवश्यकता है। भीड़-भाड़ पर रोक लगाना चाहिए। इसके अलावा चक्रवात/बाढ़ आश्रय या राहत शिविरों में बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए अतिरिक्त शौचालयों के साथ-साथ अन्य आश्रयों और स्वच्छता व्यवस्था को भी मौजूदा आश्रयों में बनाया जाना सुनिश्चित करें।

12 दिवसीय निःशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का हो रहा आयोजन

पत्थलगांव 2 जून। शहर मे 12 दिवसीय निःशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आधुनिक कम्प्युटराईज्ड आई टेस्टिंग मशीन द्वारा समस्त प्रकार के नेत्र रोगो की शुरूवात दिन शनिवार 01 जून से 12 जून बुधवार तक अंबिकापुर रोड स्थित कुमार ऑप्टिक्लस (कुमार क्लीनिक) मे किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त निःशुल्क शिविर मे आने वाले मरीजो का आधुनिक मशीनो द्वारा जांच किया जा रहा है,जिसमें दूर का दिखाई नही देना,पास का दिखाई नही देना,आँख से आंसू आना,धुंधला दिखाई देना,रात में दिखाई नही देना,आँखो में लालिमा रहना,पढ़ने में दिक्कत होना,मोतियाबिंद,आँखो का भैंगापन आदि प्रकार के नेत्र रोगों की जाँच कलकत्ता के अनुभवी टेक्नीशियन द्वारा कम्प्यूटराईज्ड आई टेस्टिंग मशीन से निः शुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया जा रहा है। डॉ पी.कुमार ने बताया कि विगत दिनो आई फ्लू का प्रकोप बढ़ गया था,आस-पास ग्रामीण क्षेत्र मे काफी संख्या में बुजुर्ग निवास करते है,जो आंखों की जांच के लिए बाहर डॉक्टर के पास नहीं जा पाते हैं। उनकी सुविधा व नियमित नेत्र जांच के लिए निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। दिन शनिवार को शिविर मे अधिकांश मरीज आंखों में दर्द,लाल एवं जलन होने की समस्या लेकर यहा पहुंच रहे थे,सभी को नेत्र जांच के बाद आंखों की देखरेख करने की सलाह दी गयी।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर लोगों से की गई नशे से दूर रहने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 2 जून। पूरे विश्व में 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस तारतम्य में कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर जिले के समस्त शासकीय अस्पतालों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के सम्बंध में विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने और इसके चंगुल में आने पर नजदीक के नशा मुक्ति केंद्रों में संपर्क करने की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष की थीम है बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना। जागरूकता कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि शर्मा के सुझाव पर मॉडल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिस पर कई रोचक मॉडल प्रदर्शित करते हुए लोगों को तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने की अपील की गई। इसमें श्रेष्ठ मॉडलों को पुरस्कृत भी किया गया जागरूकता कार्यक्रम में सबसे रोचक रहा कंकाल और मुँह के कैंसर का मास्क लगा के शहर के व्यस्त स्थानों जैसे बस स्टैंड, अंबेडकर चौक पर पान की दुकानों पर जा कर लोगों को बीड़, सिगरेट, गुटखा खाने के लिए मना करना। लोगों में इस प्रकार के जागरूकता प्रचार को लेकर कौतुहल भी रहा तथा उन्होंने इससे सीख भी ली। कंकाल और मास्क के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थानीय कलेक्टर कार्यालय में कई विभागों में जाकर तम्बाकू उत्पाद छोड़ने की अपील करने भी गई। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार दुनिया भर में हर साल तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हो जाती है। एक अनुमान के अनुसार भारत का हर 9 वां व्यक्ति तम्बाकू का सेवन करता है। तम्बाकू कई प्रकार की लाइलाज बीमारियों जैसे फेफड़े, मुँह का कैंसर, नपुंसकता, हृदय रोग, बाल, नाखून, त्वचा की समस्या पैदा करता है। जिले में तम्बाकू उत्पादों के नशा मुक्ति के लिए जिला अस्पताल में एक तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र भी चल रहा है जहां परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी दी जाती हैं। मुँह के कैंसर की पहचान के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जांच करवाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा) एक्ट के तहत पुलिस और प्रशासन के सहयोग से चालानी कार्यवाही की जाती है। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने, खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर कार्रवाई होती है।

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

बलौदाबाजार, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर के.एल. चौहान के निर्देशानुसार आज अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लटुवा, कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत नवरंगपुर, छरछेद एवं भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत खोलवा में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, भारत माता वाहिनी समूह रैली में सम्मिलित होकर ग्राम वासियों को नशामुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। भारत माता वाहिनी समूह के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं के बैनर, पाम्पलेट भी वितरण किए गये। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंचगण, समाज शिक्षा संगठक, जनपद पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति थे।

34 पौवा देशी मसाला के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर एं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 31 मई को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर अंजोर मांझी आर. देव निराला, रमाकांत भारद्वाज द्वारा आरोपी से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने 01 शराब कोचिया को ग्राम करमदा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल 34 पाव देशी मशाला शराब 6.140 बल्क लीटर एवं शराब बिक्री रकम 400 रूपये कुल कीमती 4140 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 358/24 धारा 34(2) आबाकरी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने चोरी की दो बाइक व अन्य सामान किया बरामद

चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 2 जून। तिल्दा-नेवरा पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने तीनों आरोपियों से एक टीन तेल, जला हुआ तार करीबन आधा किलो व चोरी में प्रयुक्त 02 मोटर सायकल जुमला कीमत 55000 को जब्त किया है। आरोपियों के नाम अर्जुन देवार उर्फ अर्जुन सोनवानी पिता अजय देवार उर्फ मुंडा उम्र 20 साल साकिन ढाबाडीह (टिकुलिया), थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार, पुरुषोत्तम यादव उर्फकमलेश यादव उर्फछोटू यादव पिता सुरेश यादव उम्र 20 साल साकिन वार्ड क.18 टिकुलिया थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार छ.ग., विश्राम साहू पिता अशोक साहू उम्र 21 साल साकिन वार्ड क 18 टिकुलिया थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार छ.ग. है। मामला इस प्रकार है कि प्रार्थी के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 25 मई की रात्रि 11:30 बजे से दिनांक 27/05/2024 के प्रातः 06:00 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके मकान के पीछे निर्माणाधीन मकान के पीछे से दीवाल फंदकर प्रार्थी के मकान में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर मकान में रखे एलईडी टीवी लेयार्क कंपनी का 32 इंच कीमती 10000/ नल टोटी, बिजली वायर एवं एक टिन हरेली तेल कीमती 60000/ कुल जुमला कीमती 70000/ को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया।

दौरान विवेचना के घटनास्थल निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया गया तथा प्रार्थी व साक्षियों से पूछताछ कर उनके बताये अनुसार कथन लेख किया गया। माल मुल्जिम पतातलाश क्रम में मुखबिर सूचना के आधार पर मो.सा. सुपर स्पेलेंडर कमांक छ्त्त 04 छ्त्त 7305 में तीन संदिग्ध व्यक्ति घूमते मिलने पर हिरासत में लेकर हिकमत अमली व कड़ाई से पूछताछ कर कथन लेखबद्ध किया गया जिसमें आरोपियों के द्वारा 25 मई को रात्रि में पुरुषोत्तम यादव के एक्टीवा से तिल्दा आना तथा तिल्दा में सिंधी केम्प में एक निर्माणाधीन मकान में चोरी करने की योजना बनाकर दीवाल को फंदकर घुसकर वहाँ से एक एलईडी टीवी लेयार्ड कंपनी का एवं नल के टोटी को चोरी करना, टीवी एवं नल के टोटी को रास्ते में ग्राम खपरीकला के रोड किनारे झाड़ियो में छिपा देना, 26 मई को टीवी और टोटी को लेने के लिये आने पर एलईडी टीवी, टोटी नहीं होना, पूछने पर नहीं मिलना तथा अर्जुन देवार उर्फ अर्जुन सोनवानी द्वारा 27 मई को रात्रि में भाटापारा के टाकीज के पास से एक मोटर सायकल सुपर स्पेलेंडर कमांक सीजी-04-जेएफ-7305 को चोरी करना रात्रि में अपने दोस्त विश्राम साहू, पुरूषोत्तम यादव से मिलकर पुनः तिल्दा में चोरी का योजना बनाकर पुरुषोत्तम यादव अपनी एक्टीवा से, अर्जुन देवार उर्फअर्जुन सोनवानी और विश्राम साहू चोरी किये गये मोटर सायकल से सिंधी केम्प तिल्दा आना जिस मकान से एलईडी टीवी, चोरी किये थे यहाँ की दीवाल को पुनः फंदकर घुसकर घर में रखे एक टिन हरेली तेल एवं नया बिजली का वायर को चोरी कर अपने घर ले जाकर वायर को जलाकर उसके तांबा को निकालकर एवं एक टिन हरेली तेल घर में छिपाकर रखना व चलकर बरामद करा देना स्वीकार किये। आरोपी अर्जुन देवार उर्फअर्जुन सोनवानी से मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर कमांक छ्त्त 04 छ्त्त 7305 को जप्त कर मेमो. कथनानुसार छिपाकर रखे स्थान पर जाकर टीवी एवं नल की टोटी का पतातलाश किया गया हो नहीं मिलने से पंचनामा तैयार किया गया तथा आरोपियों के सकूनत पहुंचकर अर्जुन देवार उर्फअर्जुन सोनवानी के घर से तीनों आरोपियों के कब्जे से संयुक्त रूप से वायर को जलाकर निकालकर रखे तांबा एवं एक टिन हरेली तेल को समक्ष गवाहान् जप्त किया गया तथा आरोपी पुरूषोत्तम यादव से घटना में प्रयुक्त एक एक्टीवा बिना नंबर प्लेट समक्ष गवाहन जप्त किया गया। प्रकरण में आरोपियों की संख्या एक से अधिक होने पर प्रकरण में धारा 34 भादवि पृथक से जोड़ी गई। आरोपीगण के खिलाफअपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत् समय सदर में गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजन को दी गई। मामला अजमानतीय होने व प्रकरण की विवेचना अपूर्ण होने से न्यायिक रिमांड प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

कब्जे हटाने के बाद भी खरोरा-सिमगा मार्ग संकरा, राहगीरों को परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 2 जून। तिल्दा नेवरा में पिछले दिनों अवेध कब्जे हटाए गए है कुछ रोड़ पर भी खरोरा रोड़ पर अवैधकबजे हटाए गए लेकिन तिल्दा नेवरा की सब से अत्यधिक भिड़ भाड़ वाला मार्ग तुलसी तिल्दा खरोरा रोड़ तिल्दा स्टेशन चौक से सिमगा मार्ग पर भी सड़को की चौड़ाई बढ़ाना जरूरी है। हर सेकेंड में बड़े बड़े वाहन जिनकी रफ्तार की गति नापी जाए तो सेकडो की संख्या में चलने वाले रैक पा ईंट से नगर की हर सड़क में तेज रफ्तार से बड़े वाहनों के आने जाने से लोग परेशान है। नगर की प्रमुख सड़को के आजू बाजू में बाजार है और स्टेशन चौक का मार्ग सबसे खतरनाक बन चुका है। बढ़ते उद्योगिक क्षेत्र ओर भारी वाहनों के अत्यधिक दबाव के चलते अब सड़को की ओर चौड़ाई की अवश्यकता है पिछले कई वर्षो से नगर के वासियों को इंतजार जरूर है मगर कब होगाआखिर नगर की सड़को का विकास।

रियल इस्पात संयंत्र में गर्मी से मजदूर की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 2 जून। ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात संयंत्र में वेल्डिंग कार्य में कार्यरत मृतक राकेश कुमार पिता अशोक चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कबरा काला थाना हैदर नगर जिला पलामू झारखंड की गर्मी के चलते तबियत बिगडने से मौत हो गई। बताया जाता है।

संयंत्र में बने स्टाफ क्वाटर में तबीयत खराब, तेज बुखार था, जिसे इलाज हेतु बोलेरो वाहन से सरकारी हॉस्पिटल भाटापारा लाया जा रहा था, इसी बीच राकेश कुमार बेहोश हो गया, बातचीत नहीं कर पा रहा था, जिसे अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर द्वारा मृत्यु घोषित किया गया है। कि रिपोर्ट पर पुलिस सहायता केंद्र निपनिया पुलिस द्वारा मर्ग जांच पंजीबध्द कर जांच तस्दीक में लिया गया है। शव का उनके परिजनों की उपस्थिति में क्रू कराकर शव को उनके सुपुर्द किया गया। इस्पात संयत्र मे काम करने वाले मजदूर की मौत के बाद आसपास के गांवो के लोगो मे आक्रोश है वहीं मजदूर की गर्मी के चलते हुई मौत से कई सवाल भी खडे हो रहे है कि इतनी भीषण गर्मी मे संयंत्र प्रबंधन ने वहाँ करने वाले मजदूरों के लिए क्या इंतजाम किये थे। वही इन दिनो पड रही भीषण गर्मी के चलते जो मजदूर खुले मे काम कर रहे उनकी सुरक्षा व्यवस्था व देखरेख किया जाना बहुत जरूरी है वही गर्मी के चलते मजदूरों से लगातार काम लिये जाने से भी ऐसी स्थिति निर्मित होने की संभावना ज्यादा रहती है।जिस पर ध्यान दिया जाना बहुत जरुरी है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासाहोली में समर कैम्प का आयोजन

बच्चों ने सीखा ड्राइंग, क्ले, रेजिन, मंडला, लिपन, मिरर आर्ट सहित नृत्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 2 जून। गर्मी के छूटी में जहा बच्चे घर में मोबाइल में बिजी हो जाते है ऐसे में तिल्दा के ससहोली शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय में उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का आयोजन दिनांक 20 मई 2024 से 30 मई 2024 तक किया गया। इस समर कैम्प में विद्यालय के बच्चों को ड्राइंग, क्ले आर्ट, रेजिन आर्ट, मंडला आर्ट, नृत्य, खेल, लिपन आर्ट, मिरर आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया इस कैम्प में विद्यालय के कक्षा 9 वी से 12 वीं तक के बच्चों ने भाग लिया इस प्रशिक्षण में नवीन विधाओं में बच्चों ने विशेष रूचि के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षिका के रूप में गीता शर्मा, कु. पूनम वर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

कैम्प के अंतिम दिवस में बच्चों को केक बनाना सिखाया गया एवं साथ ही साथ कम्प्यूटर के विभिन्न लैंगवेज एवं चैट जीपीटी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी स्वास्तिक शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। विद्यालय के व्याख्याता नीता डहरिया, भृत्य भूषण वर्मा, अहिल्या पटेल का विशेष योगदान इस कार्यक्रम में रहा।

विद्यालय के प्राचार्य सुभाष शर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं समस्त प्रतिभागी एवं प्रशिक्षिका साथ ही साथ विद्यालय के कर्मचारियों की प्रशंसा की एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज सेवी ईश्वर यदु ने कहा की बहुत ही अच्छी तरह से समर कैंप में समय का सदुपयोग करके बच्चों को रचनातमक कार्य सिखाया जा रहा है अच्छी योजना है वही सौरभ जैन ने बताया की इस प्रकार के शिविर से बच्चो का कला कौशल को बढ़ावा मिलेगा जो अच्छी पहल है।

योगाचार्य मिथलेश बने युवा भारत सोशल मीडिया के राज्य प्रभारी

छुरा, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पतंजलि योग समिति के पांचों संगठन में महत्वपूर्ण संगठन युवा भारत सोशल मीडिया के छत्तीसगढ़ राज्य के राज्य प्रभारी बनाए गए योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा। पतंजलि युवा भारत के राज्य कार्यकारिणी की आभासी बैठक के दौरान युवा भारत के राज्य प्रभारी जयंत भारती द्वारा सोशल मीडिया में अग्रणी भूमिका के दायित्व निर्वहन को देखते हुए राज्य की युवा भारत की सोशल मीडिया की कमान मिथलेश सिन्हा को सौंपी गई ब्रता दें कि मिथलेश सिन्हा लगातार 2010 से योग समिति में अपनी सेवा निष्ठा पूर्वक दे रहे हैं। गरियाबंद जिला निर्माण के बाद सर्व प्रथम उन्हें युवा भारत का सह जिला प्रभारी नियुक्त किया गया, 2018 में उन्हें जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। फिर उन्हे कोरोना काल में सोशल मीडिया के राज्य कार्यकारिणी में शामिल कर समस्त जिलों से संवाद कर ऑनलाइन कक्षा हेतु समन्वयक का कार्य दिया है। इन सब कार्य के सफ़ला पूर्वक निर्वहन करने पश्चात उन्हें अब युवा भारत के सोशल मीडिया का राज्य प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में पतंजलि युवा भारत के सह राज्य प्रभारी भानु प्रताप, योगासन भारत के कोषाध्यक्ष आदरणीय भोजेंद्र साहू, योगासन भारत के जॉइंट सेक्रेटरी आदरणीय शैलेंद्र वीशी, पतंजलि युवा भारत के राज्य कार्यकारिणी सदस्य संजय कुर्दशी, संदीप आर्य, संजय गिरी, मिथिलेश वर्मा सदससंदीप, अमित सोनी, रोहित, नंदू, हर्ष, सत्या जी आदि विशेष रूप से मौजूद थे।

समाचार संक्षेप

कसडोल पुलिस ने चलाया नशे के विरुद्ध अभियान

कसडोल, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार जिला कसडोल पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा इस संबंध में कड़ाई से कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारिओं को दिया गया था उसी के परिपालन में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हुए एक शराब कोंचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 7.2 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत 1440 रुपया जब्त किया गया है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम हटौद में आरोपी कृपाराम जांगड़े पिता रामकुमार जांगड़े उम्र 34 साल थाना कसडोल के पास से अवैध रूप से विक्रय करने हेतु रखी गई शराब जप्त किया गया है। मामले में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत किया गया है। आरोपी का नाम कृपाराम जांगड़े ह्य/ॅ रामकुमार जांगड़े 34 साल ग्राम हटौद थाना कसडोल है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि आदतन महुआ शराब बिक्री करने वाले ऐसे आदतन असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कसडोल पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी।

पुलिस ने किया 6 जुआरियों को गिरफ्तार, नकदी जब्त

कसडोल, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधिकारिओं द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब बिक्री मे संलिप्त लोगो पर कार्यवाही के संबंध में निर्देश सभी थाना प्रभारिओं को दिया गया था, उसी के परिपालन मे बलौदाबाजार जिला कसडोल पुलिस द्वारा जुआ खेल रहे 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम इस प्रकार है- सूर्यप्रकाश साहू पिता घनाराम साहू उम्र 27 वर्ष साकिन इंदिरा कालोनी कसडोल, धनेश कुमार साहू पिता सोनूराम साहू उम्र 40 वर्ष साकिन सरगबुंदियापारा कसडोल, पिताम्बर साहू पिता बैसाखू साहू उम्र 30 वर्ष साकिन बाजार चौक कसडोल, कोमल साहू पिता नारायण साहू उम्र 32 वर्ष साकिन पारस नगर कसडोल, संतोष कुमार कैवर्त्य पिता नारायण कैवर्त्य उम्र 36 वर्ष साकिन गायत्री चौक कसडोल, रवि जायसवाल पिता आनंद कुमार जायसवाल उम्र 25 वर्ष साकिन खर्रा थाना कसडोल। इन सभी आरोपियों से पुलिस ने छ्ष से नगदी रकम 1240/- रूपये एवं 52 तास पत्ती जब्त किया है। इन सभी जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 3 (2) के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

ग्राम दर्रा में प्राणघातक चोट पहुंचने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आरोपियों के द्वारा पीड़ित गिरवर पटेल को हाथ मुक्का एवं जमीन में सर के बल पटक पटक कर मारपीट करने के साथ गाली गलौज करते हुए गंभीर रूप से मारपीट किया। अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सुनील खुटे द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ सट्टा आदि अवैधानिक कार्यों का संचालन करने वाले आरोपियों के साथ-साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले, गाली गलौज, वाद विवाद एवं मारपीट आदि करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही भी लगातार जारी है। इसी क्रम में चौकी गिरोधपुरी थाना गिधौरी के अपराध क्र.111/2024 धारा 294, 323, 506, 307, 34 भादवि के प्रार्थी विजय पटेल निवासी ग्राम दर्रा की रिपोर्ट पर 20 मई की शाम 05.10 बजे आरोपी जवाहर साहू के घर के सामने आरोपियों के द्वारा पीड़ित गिरवर पटेल को गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से एवं सर के बाल जमीन में पटक पटक कर मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले आरोपीयान जवाहरलाल साहू एवं शत्रुघ्न साहू उर्फपिंकू को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया है। आरोपी के नाम जवाहरलाल साहू पिता वेदराम साहू उम्र 38 वर्ष निवासी दर्रा, शत्रुघ्न साहू उर्फपिंकू साहू पिता राम चरित्र साहू उम्र 33 वर्ष निवासी दर्राचौकी गिरोधपुरी है।

जिलाबदर होने के बाद भी निवास स्थान पर घूमते पाये जाने वाले और लोगों से गाली गलौज करने वाले गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 2 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 360/2024 धारा छ0ग0 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14, 15 के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी का नाम अभिषेक सराफ ऊर्फ रोमी पिता सुशील सराफ उम्र 29 साल साकिन गांधी चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली। मांमले का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 1 जून को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि अभिषेक सराफ उर्फ रोमी जिसे जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा एक वर्ष कालावधि के लिए जिलाबदर किया गया है, जो गांधी चौक बलौदाबाजार में लोगों को गाली गुफ्तार कर रहा है, डरा धमका रहा है। कि सूचना से गवाहों को अवगत कराकर हमराह स्टाफएवं गवाहान के दशरमा रोड बलौदाबाजार गया तो देखा अभिषेक सराफऊर्फरोमी आने जाने वाले लोगों को गाली गुफ्तार कर डरा धमका रहा था जिसे जिला बदर होने एवं बलौदाबाजार में घुमने के संबंध में पुछने पर मैं अपने मर्जी का मालिक हूं मैं किसी आदेश को नही मानता जांहां चाहे घुम सकता हूं कहकर बोलते पकडा गया। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14, 15 का घटित करना पाये जाने से विधिवत आरोप बताकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधीराम बंजारे, पेट्रोलिंग पार्टी आर. देव निराला, मेघनाथ साहू एवं थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा।

एक नजर

पार्किंग में खड़ी बाइक पार

रायपुर, 2 जून। भारत माता कर्मा परिसर पार्किंग में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश कुमार पटेल 39 वर्ष गोपियापारा पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सी 6639 को राजेन्द्र नगर स्थित भारत माता कर्मा परिसर पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक कीद कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

बाइक को लगाई आग

रायपुर, 2 जून। खम्हारडीह शक्ति विद्यामंदिर के पास घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुणेन्द्र कुमार साहू 34 वर्ष खम्हारडीह शक्ति विद्यामंदिर के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 6403 को घर के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसमें आग लगा दिया। जिससे प्रार्थी को 5 लाख का नुकसान हुआ है।

किराना दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर, 2 जून। कचना स्थित शिव किराना दुकान के सीट को उखाड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 60 हजार सहित हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीलेश्वर साहू 30 वर्ष आमासिवनी विधानसभा का रहने वाला है। प्रार्थी कचना में शिव किराना दुकान नाम से दुकान संचालित करता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 31 मई की रात प्रार्थी के दुकान के ऊपर लगे टीना के सीट को उखाड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और नकदी 60 हजार सहित हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रैक्टर से गिरकर अधेड़ की मौत

रायपुर, 2 जून। ग्राम गनौद में ट्रैक्टर से गिरकर अधेड़ पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हेमेश्वर ढीढी 50 वर्ष ग्राम गनौद का रहने वाला था। बताया जाता है कि 28 मई को हेमेश्वर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एवएफ 1667 में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी ट्रैक्टर से उच्चकर नीचे जा गिरा और पहिए के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में राखी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 19 गिरफ्तार

रायपुर, 2 जून। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने राज टॉकीज के पीछे सरेआम शराब पीते आरोपी सरताज अहमद 24 वर्ष, रोशन यादव 27 वर्ष, अरूण यादव 24 वर्ष व हितेश चौबे 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी मनोज साहू 36 वर्ष एवं सेजबहार पुलिस ने आरोपी सजीत बंजारे 25 वर्ष व किशन बंजारे 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी पंकज सिह ठाकुर 25 वर्ष, वैतराम साहू 32 वर्ष, राज यादव 18 वर्ष, योगेश कुमार कुश्वाहा 36 वर्ष, हेमंत कुमार 35 वर्ष, बाबी कुश्वाहा 31 वर्ष, माता प्रसाद कुश्वाहा 36 वर्ष व सिदार्थ बंजारे 23 वष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी आकाश पटेल 18, आरंग पुलिस ने शिवशंकर भारती 34, खरोरा पुलिस ने आरोपी हजारी कंज्रा 52 व धरसींवा पुलिस ने पुरेन्द्र निषाद 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

नजर आती नहीं उसकी आंखों में तो खुशहाली कहाँ तुम रात-दिन झूठे उन्हें सपने दिखाते हो

विश्व के सबसे बड़े लोक तंत्र में लोस चुनाव में सत्ता धारी दल ने न तो मंहगाई, गरीबी पर बात की, न ही बेरोजगारी पर कोई बात की मुजरा, मुग़ल, मुसलमान राममंदिर के साथ ही भाज पा नेताओं के चुनाव के ज्व लंत मूद्दे रहे वह थेज्वो आप की एक भैंस छीन लेंगे, आपका मंगलसूत्र छीन लेंगे, वो मांस मछली खाते हैं, वो आपका एक कमरा छीन लेंगे, वो आप का बैंक खाता बंद कर देंगे, बिजली का कनेक्शन काट देंगे, वो आपका पानी काट कर नल चुरा लेंगे, वह राम मंदिर में ताला लग देंगे...?

लोस चुनाव में उपलब्धि नहीं आरोप का दौर रहा...?

देश में 2 बार भाजपा की सरकार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बन चुकी है। मोदी अब नेहरू, इंदिरा गांधी की लीग में शामिल होने प्रयासरत हैं, देश के पहले पीएम नेहरू ने 1952, 1957 तथा 1962 में क्रमशः 364, 371 तथा 361 लोस सीटे कांग्रेस को दिलाकर सरकार का नेतृत्व किया, वहीं 1967, 1971 में लगातार 2 बार 283 तथा 352 लोस क्षेत्रों में कांग्रेस के विजयी होने के बाद इंदिरा गांधी ने पीएम का दायित्व सम्हाला था। 1980 में पुनः पीएम बनी। वहीं वर्तमान पीएम नरेन्द्र मोदी, गैर कांग्रेसी भाजपा के लिए रिकार्ड बना लिया है। 2014 के लोस चुनाव में भाजपा को 282 (स्पष्ट बहुमत)मिला और 2019 के लोस चुनाव में भाजपा को 303 लोस क्षेत्रों में जीत मिली थी। वे 2024 के लोस चुनाव में भाजपा की सरकार बना कर फिर पीएम बन कर नेहरू-इंदिरा की बराबरी करने प्रयत्नशील हैं। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस 2014 के लोस चुनाव में 44 तथा 2019 के लोस चुनाव में 52 सीटें पाकर लोस में नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक दर्जा से वंचित हो गई थी ज्ञात रहे किलोक सभा की कुल सीटें में 10त्न यानि 54 सीटें ह्रासिल होने पर ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिलता है।लोकसभा 20 14 में भाजपानीत एनडीए ने स्वीप किया था। हालांकि 2014 के चुनाव में भाजपा के किये वायदे 15 लाख सभी के खाते में, 2 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष रोजगार, कालाधन लाने आदि मेंकोई वादा पूरा नहीं किया? पर 2019 के लोस चुनाव में पुलवामा हमला, पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक से जोड़ कर राष्ट्रवाद, राष्ट्र का स्वाभिमान, मोदी है तो देश सुरक्षित है आदि नारों के चलते देश के अधिकांश मतदाताओं को अपने से जोड़ने में सफलता पाई जिसमें पहली बार मतदान करने वाले युवा, महिला मतदाता का वर्ग शामिल रहा। 2024 के चुनाव में भाजपा की मोदी सरकार ने अपनी 10 सालों की उपलब्धियों की जगह विपक्ष पर आरोप - प्रत्यारोप पर ही लगी रही। हिन्दु-मुसलमान, राममंदिर निर्माण, कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक, आर क्षण भी बड़ा मुद्दा रहा...?

सीएम पटनायक और पूर्व नौकरशाह पांडियन...?

ओडिशा में लोक, विधान सभा चुनावों के लिए प्रचार अंतिम दौर में है। बीजेडी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले पूर्व नौकरशाह वी के पांडियन का एक वीडियो, सीएम का हाथ कैमरे से छिपाने पर घिर गए हैं।भाजपा ने इस वीडियो को साझा करते हुए बीजेडी पर हमला बोला है। मूलरूप से तमिलनाडु के

रहने वाले पांड्यन का जन्म 29 मई, 1974 को हुआ। पहले मदुरै के तमिलनाडु कृषि विवि से ग्रैजुएशन किया फिर नई दिल्ली के कृषि अनुसंधान संस्थान से मास्टर्स। साल 2000 में आईएएस बनगए ओडिशा काडर के अलग- अलग पदों पर रहे। करियर की शुरुआत उन्होंने कालाहांडी ज़िले में बतौर डिप्टी-कलेक्टर की।बाद में वो मयूरभंज, गंजम ज़िले के कलेक्टर रहे, गंजम, नवीन बाबू का गृह ज़िला है। सूबे की राजनीति बूझने वाले बताते हैं कि इसी के बाद से नवीन से करीबी शुरू हुई। समय के साथ पांड्यन प्रमोट होते गए। फिर 2011 में नवीन के निजी सचिव बने, और तब से ओडिशा की राजनीति का 'अनिवार्य चैप्टर' बन गए हैं। उनकी पत्नी सुजाता कार्तिकेयन भी 2000 बैच की आईएएस हैं। कमिश्नर (मिशन शक्ति) थीं, 2 मई, 2024 को चुनाव आयोग ने उन्हें ग़ैर-सार्वजनिक विभाग में ट्रांसफ़र करने का आदेश दिया था।

छत्तीसगढ़ की 11 लोस सीट और दावा...?

छत्तीसगढ़ लोकसभा की 11 सीटों का परिणाम 4 जून को आ जाएगा, उसे लेकर दावे-प्रतिदावे का दौर शुरू है। भाजपा का दावा है कि सभी 11सीटों पर जीत होगी पर ऐसा लगता नहीं है? पिछली बार मोदी लहर में भी भाजपा को 9 सीटें मिली थी। इस बार कांग्रेस ने भाजपा के मुकाबले वजनदार प्रत्याशी दिये हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल चुनाव समर में उतरे थे, वैसे इस बार कांग्रेस अपना 2 लोस का रिकार्ड तोड़ने का भी दावा कर रही है। कांग्रेस को राजनांदगांव, बस्तर, जांजगीर, कांकेर, महासमुंद, कोरबा लोस से अधिक उम्मीद है?

उपचुनाव और मंत्री पद की चर्चा तेज...?

लोस चुनाव में रायपुर से भाजपा के उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल की जीत पर कोई संदेह ही नहीं है, अभी रायपुर दक्षिण के विधायक, छग सरकार के शिक्षा मंत्री हैं, जाहिर है कि उन्हें शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देना होगा, वहीं छग में मंत्री का एक पद भी अभी रिक्त है, ऐसे में 2 नये मंत्री भी बनेंगे यह तय है।एक-दो मंत्री की शिकायत भी सरकार के पास पहुंची है।सतनामी समाज से एक तथा संघ परिवार, पिछडी जाति के एक विधायक को मंत्री बनाने की चर्चा है। इधर विस उपचुनाव को लेकर भी चर्चा है, विधायक बृजमोहन अग्रवाल के साथ ही छग के भूपेश बघेल, क़वासी लखमा, देवेंद्र यादव भी चुनाव समर में हैं, इनके जीतने पर भी उप चुनाव होना तय है।

और अब बस...

- लारेंस गिरोह की भी छग में इंट्री हो गई थी, भला हो एसएसपी संतोष सिंह काज वारदात को अंजाम देने के पहले ही शूटरों को पकड़ लिया...!
- जब से भाजपा की सरकार बनी है सड़क दुर्घटना तेज हो गई है...?
- बेमेतरा बारूद दुर्घटना के इतने दिनों बाद एफआई आर दर्ज होना समझ के परे है...?
- किस मंत्री ने कलेक्टर के साथ निकलने पर भाजपा समर्थकों को बीच से ही लौटा दिया...?

दुर्व्यवहार के विरोध में रविशंकर शुक्ल विवि में अंकसूची लौटाने पहुंचे छात्र

रायपुर, 2 जून। राजधानी रायपुर के पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के दो छात्रों ने अपने प्रथम और द्वितीय वर्ष की अंकसूची विश्वविद्यालय को सरेंडर कर दिया है। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा उसके साथ लगातार 3 महीनों से दुर्वव्यवहार किया जा रहा है। इसके साथ ही युनिवर्सिटी पर परीक्षा की उत्तर पुस्तिका जांच करने में गड़बड़ी की गई और आरटीआई लगाने के बावजूद भी सही जानकारी नहीं दी जा रही है।

दोनों छात्र शुक्रवार को अपने अंकसूची लौटाने युनिवर्सिटी पहुंचे थे, हालांकि कुलपति के नहीं आने की वजह से वे नहीं लौटा सके। इसलिए छात्रों ने अब शनिवार को राज्यपाल से मुलाकात कर विश्वविद्यालय प्रबंधन की शिकायत करते हुए अपने अंकसूची सरेंडर करने का फैसला लिया है।

जानकारी के अनुसार एलएलएम के छात्र कायलाल घृतलहरे ने रिजल्ट आने पर छात्रों ने असतुष्टि जाहिर करते हुए विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग यूजीसी कलेक्टर को पत्र लिखा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से छात्रों ने सूचना अधिकार के तहत, एल एल एम की कॉपी प्राप्त की। प्राप्त कॉपी में छात्रों को कई प्रकार की गड़बड़ी पाई।

छात्र ने बताया कि कॉपी मिलने पर पता चला, कि सही उत्तर को गलत दर्शाया गया है जिस पर पुनः जांच करने के लिए छात्र द्वारा एक निवेदन पत्र लिखा गया। इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं होने से छात्रों ने फिर से रिमाइंडर लेटर लिखकर विश्वविद्यालय प्रशासन से निवेदन किया। वहीं जब विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कार्रवाई की, तो उसमें भी छात्रों के केवल एवरेज नंबर निकालकर 2 अंक प्रदान कर दिए गए। इसके अलावा आंतरिक मूल्यांकन में भी गड़बड़ी होने को लेकर छात्र ने जब ऋझ्ढ्ढ लगाया, तो विभाग अध्यक्ष ने बताया कि उसमें खुलासा हुआ कि उसके उत्तर पुस्तिका कहीं गुम हो गए हैं।

छात्र ने बताया, कि उसे विश्वविद्यालय ने उत्तर पुस्तिका गुमने के संबंध में कोई सूचना नहीं दी और ना ही ॠढ्ढक्रदर्ज कराई गई। जिसके बाद छात्र कुलपति से इस मामले में बातचीत करने पहुंचा तो, कुलपति के स्टाफ ने उसके साथ बदसलूकी कर वहां से भगा दिया। इन सब से परेशान होकर छात्र स्ररूप्रथम और द्वितीय वर्ष की मार्कशीट विश्वविद्यालय को वापिस कर रहे हैं।

6 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा शनिदेव जन्मोत्सव

रायपुर, 2 जून। मेन रोड कोटा में नवनिर्माण श्री शनिदेव के मंदिर में प्रथम वर्ष जन्मोत्सव अत्यंत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा. शनि देव मंदिर के पुजारी रोहित शर्मा ने जानकारी दी कि मंदिर निर्माण हुए अभी कुछ माह ही हुए हैं. शनिदेव का दर्शन करने, शिला में तेल अभिषेक कराने और मंदिर की साज सज्जा देखने काफी तादाद में भक्तजन दूर-दूर से यहां आते हैं. यह वर्ष मंदिर में प्रथम वर्ष श्री शनिदेव जन्मोत्सव ज्येष्ठ अमावस्या कृष्ण पक्ष 06 जून दिन गुरुवार को मनाया जा रहा है. पुजारी ने जानकारी दी की सुबह से ही आयोजन शुरू हो जाएगा. सर्वप्रथम सुबह 7.30 आरती फिर 11.00 बजे हवन 11.30 बजे भंडारा ऐव शाम 4 बजे से सुंदर कांड का पाठ, रात्रि 7.30 बजे महाआरती ढोल बाजे और आतिशबाजी के साथ की जाएगी. साथ ही रात्रि 8 बजे भोग प्रसाद का वितरण होगा और भजन संध्या 7 बजे से जय किसन एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी.

घरों में जाकर किया सकोरा तथा दाने का वितरण

रायपुर, 2 जून। शहर में भीषण गर्मी से त्रस्त पक्षियों व घर में विचरण करने वाले जीव जंतुओं के सुरक्षा हेतु दाना पानी रखने के लिए समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा महिला मंच पदाधिकारियो ने सकोरा तथा चिड़िया दाना का वितरण किया। सुंदर नगर मैत्री नगर डगनिया क्षेत्र के रहवासियों के घरों में जाकर अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा महिला मंच के शहर व विप्र नगर क्षेत्र के पदाधिकारी कविता शर्मा, सोनिया शर्मा, ममता पांडे, श्रद्धा उपाध्याय, ज्योति त्रिपाठी, रश्मि दीवान, पूजा चौबे तथा रंजना तिवारी ने घरों के गृह गार्डन में रखने के लिए सकोरा तथा चिड़िया दाना का वितरण किया।

छग की सभी 11 सीटों के साथ भाजपा 400 करेगी पारः चंद्राकर

रायपुर, 2 जून। एक्जिट पोल में मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अनुमान जताया गया है। लेकिन ये अनुमान ही नहीं बल्कि एक सच्चाई है, इस बार पीएम मोदी 400 पार के साथ प्रधानमंत्री बनेंगे। उक्त बात कहते हुए बीजेपी नेता डॉक्टर चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ 11 सीटों के साथ पूरे देश भर में 400 पार की गूंज जनता के आशीर्वाद से बीजेपी की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है।

बीजेपी नेता डा चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा कि जनता के मत के सामने सभी एक्जिट पोल ने भी दावे कर दिए हैं। निश्चित की कर्मयोगी अध्यात्मिक पुरुष मोदी-योगी-अमित शाह ने साबित कर दिखा दिया है भारत की उन्नति और प्रगति के साथ देश की जनता मोदी के साथ खड़ी है। भीषण गर्मी में भी पोलिंग बूथों पर जाकर देश के लिए लोगो ने भरपूर मतदान

किया है। अर्थदृष्टि से भारत 5 वें पायदान पर आगे बढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे दूरदृष्टि सोच बहु आयामी भी प्रतिभा नरेंद्र मोदी हीं कर सके है। भ्रष्टाचार के खिलाफ है जनता पीएम मोदी को अपना अपार जनसमर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि विकास ही सबसे बड़े पैमाना है। इंडी गठबंधन ने लोकतंत्र पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। जबकि भारत की लोकतन्त्र मजबूत है मोदी जी ने सभी वर्गो को लेकर कहा है की सबका साथ सबका विकास। ये मूलमंत्र ही भारत देश की आदर्श है। यही हमारी जन्मभूमि के प्रति सच्चे देश भक्ति है। देश है तो हम सभी है कि लोकसभा के आम चुनावों में लाखों कर्मचारी देश के लाखो जवान, पुलिस कर्मी लगे रहे। उन सभी को मेरा सलाम भारत में शांति प्रिय ढंग से यह चुनाव संपन्न कराए। भारत निर्वाचन आयोग, पदाधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी गणों का आभार जताता हूं। देश के करोड़ों जागरूक मतदाताओं को धन्यवाद तपती धूप में निकलकर लाइन में खड़े होकर मतदान किए है।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

दूषित पानी से होने वाले विभिन्न रोगों पर परिचर्चा

रायपुर, 2 जून। सामुदायिक स्तर पर स्वच्छ जल की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के संबंध में पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग में संस्था एवं यूनिसेफके सहयोग से गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला जल मंथन 2.0 का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभाग जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, नगरी प्रशासन, पंचायत इत्यादि के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला में स्वच्छ पेय जल की गुणवत्ता, जैविक एवं रसायनिक शुद्धता, जल गुणवत्ता परीक्षण एवं दूषित पानी से होने वाले विभिन्न रोगों के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की गई।

इस परिचर्चा में विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने इससे संबंधित उनके विभाग में संचालित गतिविधियों एवं अनुभवों को साझा किया तथा भविष्य की कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न विभागों में सामंजस्य स्थापित करने हेतु सहमति बनी। इस कार्यशाला के शुभारंभ समारोह में पं.ज.ने.

स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के प्रभारी अधिष्ठाता, पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. अरविंद नेरल मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में डॉ. नेरल ने कहा कि जनसमान्य लोगों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता मात्र से ही अनेक जल जनित रोगों में नियंत्रण किया जा सका है जो कि जल जीवन मिशन की बड़ी उपलब्धि है। फिर भी इस दिशा में और वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्य करने की आवश्यकता है जिससे जलजनित बीमारियों को पूर्णतः नियंत्रित किया जा सके। जल जनित रोगों एवं उनके रोकथाम के संबंध में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. निर्मल वर्मा द्वारा विचार व्यक्त किये गये, जिसमें उन्होंने जल में पाए जाने वाले जीवाणुओं, उनके होने के संकेत पर प्रकाश डाला एवं रोकथाम के उपायों पर चर्चा की। आशा लता गुप्ता, राज्य नोडल अधिकारी जल गुणवत्ता ने जल जनित रोगों से होने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। परिमल दत्ता, मुख्य रसायनज्ञ ने वर्तमान में की जा रही जांच एवं जल के गुणवत्ता के बारे में बताया। उमेश साहू एवं डॉ. चयनिका नाग ने भी अपने विचार कार्यशाला में रखे। पेयजल की जैविक गुणवत्ता के संबंध में चिकित्सा महाविद्यालय के माईक्रोबायोलॉजी विभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नेहा सिंह द्वारा वैज्ञानिक तथ्यों को रखा गया।

छालीवुड इंडस्ट्रीज प्रीमियर लीग का आज समापन

रायपुर, 2 जून। सीआईपीएल 2024 सीजन 1 का आगाज बीते 27 मई से हुआ था, जिसका समापन आज यानी 2 जून को होने जा रहा है। छालीवुड इंडस्ट्री के इतिहास में पहली आइपीएल के तर्ज़ पर ऐसा आयोजन किया गया जिसमें इंडस्ट्री के तमाम बड़े सितारों से लेकर इंडस्ट्री से जुड़े लोग एक ही मैदान में अपने क्रिकेट मैच का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। सीआईपीएल में कुल 6 टीमो ने हिस्सा लिया था जिसमें लगन इलेवन, जे एस आर चैलेंजर, मैक्स इलेवन, छत्तीसगढ़ टाइगर, जी एस ऐन वी, ब्लैक पैंथर हिस्सा लिया।इस मैच का आयोजन डब्ल्यूआरएस कालोनी के सेकेरसा स्टेडियम् किया गया। लागतार 7 दिनों तक इस स्टेडियम में छालिवुड इंडस्ट्री से जुड़े सितारों ने अपना खेल का जौहर दिखाया 6 टीमो के बीच कड़े मुकाबले में मैक्स इलेवन और जे एस आर चेलेंजर्स टीम फाइनल मैच में पहुँची है जिसके बीच आज शाम 6 बजे से रोमांचक मैच देखने को मिलेगा। इस मैच के समापन समारोह में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक गुरु खुशवंत सिंह साहेब, विधायक अनुज शर्मा, सिरकत करेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26